दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 312 | जयपुर, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### प्री-आरएएस का परिणाम जारी, 19 हजार 348 सफल



**जयपुर।** आरपीएससी ने शुक्रवार को राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ संयुक्त प्रतियोगी प्रारम्भिक परीक्षा 2023 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। आयोग ने यह मात्र 19 दिन में जारी कर दिया है। इस परीक्षा में 19,348 अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया है। वहीं 1,920 को अयोग्य करार दिया है। दो का रिजल्ट प्रशासनिक कारणों से लिफाफे में बंद रखा है और दो को डिबार किया है। इस परीक्षा के तहत राज्य सेवाओं के 424 और अधीनस्थ सेवाओं के 481 पदों पर भर्ती जारी की थी। परीक्षा के लिए 6 लाख 97 हजार 51 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे।

### RMB: कार्रवाई पूरी अब आयकर विभाग करेगा आकलन




**जयपुर।** गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन के आधार पर सोमवार से रावत मिष्ठान भंडार (आरएमबी) के जयपुर-जोधपुर में छह ठिकानों पर कार्रवाई शुक्रवार को पूर्ण समाप्त हो गई। अब आयकर अधिकारी जुटाए गए दस्तावेज व जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के आधार पर संस्थान के कुल कारोबार का आकलन करेंगे। इस कारोबार पर कुल लाभ की गणना की जाएगी और विभाग रावत मिष्ठान भंडार संचालकों पर देय कुल आयकर की गणना कर आयकर कानून के अनुसार आगे कार्रवाई करेगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


**भाजपा में प्रत्याशी चयन:** दूसरी सूची में शामिल प्रत्येक सीट को समीकरणों में तौला, मंथन किया... नाम फाइनल

# BJP आज घोषित कर सकती है 75+ सीटों पर पार्टी प्रत्याशी

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की दूसरी सूची शनिवार को जारी हो सकती है। इस सूची पर भाजपा हाईकमान और राजस्थान के कोर ग्रुप के सदस्यों के बीच मंथन पूरा हो गया है और करीब 75 से अधिक सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर लिए गए हैं। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में रात 10 बजे तक सीईसी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह सहित पार्टी व संगठन के कई नेताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति में दावेदारों के नामों पर मंथन किया गया। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो भाजपा शनिवार को यह सूची जारी कर देगी। इससे पहले पार्टी 41 प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है।

## प्रधानमंत्री मोदी, नड्डा व शाह सहित प्रदेश कोर ग्रुप के मेंबर रहे मौजूद

### हर सीट पर हर एंगल से चर्चा

प्रत्याशियों की दूसरी सूची को लेकर बगावत और विरोध नहीं हो, इसके लिए हर एक दावेदार के नाम पर गहन मंथन हुआ बताया। इनमें करीब एक दर्जन से अधिक सीट ऐसी है जिस पर कोर ग्रुप ने सिंगल नाम तय किया है। कई सीटों पर दो-दो नामों का पैनल आलाकमान को सौंपा गया था। इन पर हर पहलू से विचार कर सूची में शामिल सभी सीटों पर सिंगल नाम तय कर दिए। भाजपा की पहली लिस्ट जारी होने के बाद पार्टी में जिस तरह से बगावत के स्वर उठे थे, इस बार ऐसा नहीं हो इस पर पार्टी नेताओं ने सभी संभावित स्थितियों पर मंथन किया।

### डी श्रेणी की 19 में से 8 इस सूची में!

भाजपा ने प्रदेश में 19 सीटें डी कैटेगरी में रखा है। इनमें से 11 सीटों पर पहली लिस्ट में प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शेष 8 सीटों पर दूसरी लिस्ट में प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं। इन सीटों पर भाजपा नए चेहरे उतार सकती है, क्योंकि जिन 11 सीटों पर भाजपा ने पहली लिस्ट में प्रत्याशी घोषित किए थे उनमें से अधिकतर को पहली बार प्रत्याशी बनाया गया है। बताते हैं, दूसरी सूची में भी 4-5 सांसद मैदान में उतारे जा सकते हैं। वहीं, मौजूद विधायकों में कइयों का कट सकता है।

**सीईसी की बैठक में ये रहे शामिल:** बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी और शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा, के.लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, नितिन पटेल, डीके अरुणा, सत्यनारायण जटिया और सर्बानंद सोनोवाल भी मौजूद थे। वहीं, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित राजस्थान से जुड़े कुछ अन्य नेता भी मौजूद रहे।

**ईआरसीपी पर रार:** प्रधानमंत्री मोदी पर प्रियंका गांधी के वार

# गरीबों से खींचना... अमीरों को सींचना ही भाजपा की नीति

- ERCP की जन जागरण यात्रा के समापन पर गरजीं प्रियंका
- पीएम की ओर से केवल जुमलेबाजी, सतर्क होने की जरूरत
- तंज... BJP का चेहरा मोदी, तो क्या मोदी बनेंगे प्रदेश के सीएम?

बेधड़क | जयपुर




एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को पीएम मोदी और भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ईआरसीपी केवल एक नहर परियोजना नहीं है। यह यहां के 13 जिलों के लिए जीवनदायिनी गंगा की तरह है, लेकिन पीएम मोदी इस पर सिर्फ जुमलेबाजी करते रहे हैं और आज तक जनता ईआरसीपी के पानी का इंतजार कर रही है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ जुमलेबाजी करने वाले इन नेताओं से आपको सतर्क होना होगा, क्योंकि इनका जनता से कोई सरोकार नहीं है। वे शुक्रवार को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए गए जन जागरण अभियान के समापन के अवसर पर दौसा के सिकराय में जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए एक सोच और समझ की जरूरत होती है, जो असली नेता होता है वह अतीत का आदर करते हुए वर्तमान और भविष्य की ओर देखता है, जिसके लिए एक खास तरह की सोच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार ने जनता के जीवन सफर को सरल करने की कोशिश करते हुए मजबूती दी है।

प्रियंका गांधी ने भाजपा के सीएम फेस को लेकर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जब यहां आते हैं तो कहते हैं कि मेरे नाम पर वोट डालें तो क्या वे पीएम पद से इस्तीफा देकर यहां सीएम बनेंगे? सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट भी एकजुटता की बात करते हुए पुनः सरकार रिपीट करने का जनता से आह्वान किया। मंच पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा मौजूद थे। इस सभा के बाद प्रियंका, गहलोत और पायलट सहित सभी नेताओं ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन भी किए।

### भाजपा में स्वार्थ हावी

प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सरकार उद्योगपतियों को आगे बढ़ा रही है, उनकी जेब भर रही है। उन्होंने कहा कि इनका ध्यान आपकी भलाई पर नहीं केवल किस तरह से सत्ता में रहना है और किस तरह खुद को मजबूत करें, इस पर है। उन्होंने कहा कि इनकी केवल यही नीति है कि गरीबों से खींचना और अमीरों को सींचना। भाजपा आपके बारे में नहीं सोच रही है, वहां स्वार्थ हावी है। प्रियंका ने कहा कि देश में आज दो तरह की राजनीति करने वाले हैं, जिसमें से आपको एक चुननी है। जहां एक तरफ सुबह-शाम काम की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी ओर सिर्फ चुनाव आने पर काम की बात करने वाले लोग हैं, आपको भविष्य के लिए इनमें से एक को चुनना है।

### मंच से लिफाफे दिखाते खोलते हैं तब तक चुनाव खत्म

प्रियंका ने मोदी के भीलवाड़ा दौरे के दौरान देवनारायण मंदिर में डाले गए लिफाफे पर भी हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि लोग लिफाफा खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब लिफाफा खोला तो लिफाफे में 21 रुपए निकले। एक तरह से देश में यही हो रहा है। बड़ी-बड़ी घोषणाएं हो रही हैं, मंच पर खड़े होकर कैसे-कैसे लिफाफे दिखाए जा रहे हैं। जब आप उन लिफाफों को खोलते हैं, तब तक चुनाव खत्म हो जाता है और बारी आती है कि काम करके दिखाओ तो कुछ नहीं होता। ईआरसीपी का जुमला भी आपको इसी तरह दिया गया था।

### गहलोत दे रहे राहत पायलट कर रहे आपके लिए मेहनत

प्रियंका गांधी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों की तारीफ की और एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा बढ़ाई गई महंगाई से लोगों को राहत दिलाने के लिए राजस्थान की सरकार ने महंगाई राहत कैंप लगाए। यहां आमजन को 25 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल रहा है, जो कि किसी ओर प्रदेश में नहीं है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा बिखरी हुई है, एकजुट होने का नामोनिशान नहीं है, जबकि हमारी पूरी पार्टी एकजुट है। सीएम अशोक गहलोत लोगों को राहत देने का काम कर रहे हैं तो सचिन पायलट आपके भविष्य के लिए मेहनत कर रहे हैं।

**SGST की सीकर में कार्रवाई**

# बिल्टी फुटवियर की, भरा था पान मसाला... ट्रक को किया जब्त

- लाखों रुपए मूल्य का बताया जा रहा है पान मसाला
- ट्रक ड्राइवर के पास नहीं मिले पर्याप्त दस्तावेज

बेधड़क | जयपुर

वाणिज्यिक कर विभाग ने सीकर में देर रात दिल्ली से यहां जीएसटी की चोरी कर पहुंचे पान मसाले के ट्रक को जब्त किया है। सीकर के सर्किल-बी ने यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना पर की। विभागीय अधिकारियों के पास दिल्ली से आ रहे कंटेनर संख्या एचआर38 एसी 7804 में बिना दस्तावेज व जीएसटी चुकाए पान मसाला आने की सूचना थी। इस सूचना के आधार पर अधिकारी दारासिंह चौधरी के निर्देश पर गुरुवार रात करीब 12 बजे सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी श्रीपाल और दिनेश की टीम ने जाल बिछाया और ट्रक पहुंचने पर उससे माल के दस्तावेज की मांग की।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार ट्रक चालक ने अधिकारियों के हाथ में जड़िया ट्रांसपोर्ट कंपनी की बिल्टी थमा दी, जिसमें



ट्रक में फुटवियर व अन्य सामान दर्ज था और अन्य दस्तावेज नहीं होने की बात कही। पूछताछ में ट्रक चालक ने स्वीकर किया कि ट्रक में तानसेन पान मसाला लदा है।

# WC: ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 62 रनों से रौंदा




बेंगलुरु। यहां चिन्नास्वामी चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए आईसीसी विश्वकप 2023 के 18वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 62 रनों से रौंद दिया। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर व मिचेल के शतकों की बदौलत 367 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत के बाद एडम जम्पा (4 विकेट) के सामने 305 रन पर ही घुटने टेक दिए। लगातार हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की यह दूसरी जीत है। वहीं, पाकिस्तान भी दो मुकाबले गंवा चुका है। बता दें, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहिन अफरीदी ने 54 पर 5 कंगारू बैटर को पवेलियन भेजा।

**बढ़ेगा वतन का गौरव**

# आज अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा देश का पहला मानव मिशन 'गगनयान'

- श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से सुबह आठ बजे होगा लॉन्च
- गगनयान मिशन पर भेजा जाएगा तीन सदस्यीय दल को
- तीन दिवसीय पूरे विश्व की मिशन पर टिकी निगाहें

एजेंसी | बेंगलुरु

अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक से एक कीर्तिमान रचने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एक और करिश्मा करने जा रहा है। इसरो गगनयान मिशन के जरिए अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने वाला है। इसके लिए इसरो गगनयान मिशन की टेस्टिंग करने जा रहा है। गगनयान के जरिए 3 सदस्यीय दल को एक मिशन पर 400 किमी की कक्षा में भेजा जाएगा।

यह मिशन तीन दिनों तक चलेगा और फिर क्रू मेंबर को सुरक्षित रूप से वापस लाया



जाएगा। इस मिशन की लैंडिंग समुद्र के पानी में की जाएगी।

गगनयान मिशन से पहले टेस्ट किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, जिसकी 12.5 घंटे की उलटी गिनती शुक्रवार शाम 7.30 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित शार क्षेत्र में शुरू हो गई। सूत्रों ने कहा कि छोटी अवधि के मिशन का प्रक्षेपण शनिवार सुबह आठ बजे प्रथम लॉन्च पैड से होगा और पूरा मिशन 531 सेकंड (लगभग नौ मिनट) तक चलेगा। यह उड़ान परीक्षण समग्र गगनयान कार्यक्रम में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा।

### कैसे की जाएगी टेस्टिंग

इसरो ने कहा पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने से लेकर श्रीहरिकोटा से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में पैराशूट की तैनाती के साथ क्रू मॉड्यूल के उतरने तक का पूरा उड़ान क्रम 531 सेकंड तक चलेगा। इसरो के मुताबिक, उड़ान भरने के लगभग 60 सेकंड बाद परीक्षण वाहन- क्रू एस्केप सिस्टम के साथ 11.7 किमी की ऊंचाई पर वाहन से अलग हो जाएगा और अगले 30 सेकंड बाद सीएम-सीईएस 148.7 मीटर/सेकंड के वेग से 16.7 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा। यह प्रक्रिया लगभग 9 मिनट में पूरी होगी।

### होगा लाइव प्रसारण

इस टेस्टिंग का टेलीकास्ट आधिकारिक वेबसाइट (isro.gov.in), यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करेगा। इसरो के मुताबिक, लाइव प्रसारण सुबह 7:30 बजे शुरू होगा।

### क्रू मॉड्यूल को कई परीक्षण से गुजरना पड़ा

चेन्नई से लगभग 135 किमी पूर्व में स्थित श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण परिसर में एकीकृत किए जाने से पहले क्रू मॉड्यूल को विभिन्न परीक्षण से गुजरना पड़ा। शनिवार को संपूर्ण परीक्षण उड़ान की उम्मीद है, क्योंकि टेस्ट टीवी-डी1 क्रू एस्केप सिस्टम और क्रू मॉड्यूल को 17 किमी की ऊंचाई पर प्रक्षेपित करेगा, जिसके श्रीहरिकोटा के पूर्वी तट से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में सुरक्षित उतरने की उम्मीद है। इसे बाद में बंगाल की खाड़ी से नौसेना निकालेगी।


CELEBRITY
Dandiya
NIGHT
Date: 21- Oct Time: 6-10pm
Chandra Prakash (Babu)
President crystal court Board of Trade
Jay Nayak (Toni)
Pramod Sharma
Ravindra Upadhyay
Bollywood Playback Singer
AMOD CHATURVEDI
SINGER
NEELAM SHRMA
SINGER
Ravindra Upadhyay
Bollywood Playback singer
Winner of channel V Super Singer Given his voice for -
1. Amir khan in film (Talaash) Jiya lage na
2. Shahrukh Khan in film (Happy New Year) Lovely
3. Title Song of Rakt charitra
4. Film Iqbaal aankhon me Sapna And many other Bollywood films.
Recently Ravindra's Song Aao Yog divas manae was submitted for Grammy awards nomination in 2 Categories .
Ravindra is a well known voice in Rajasthani music industry too his famous Rajasthani tracks like "Hariyala Banna" crossed over 50 million views on YouTube.
Ravindra performed all around the globe more then 1500 successful live performances and counting....
SURPRISE! GIFT
MAIN ATTRACTION
LED SCREEN
FLOWER RAIN BY DRONE
निवेदक
Pradeep Meena , Girraj Sharma, Anshul Sharma
Suresh Arora (Dimpy)
Praveen Mehtha
Khem Singh
Vikas Singh
Ramavtar Sharma
Giraj Sharma
Shakti Singh
Virendra Nayak
Mahendra Sharma
Vipin Nayak
Govind
Mishi Creations
Manufacturer & Wholesaler of Ladies Kurti, Ethnic Wear, Party Wear, All type of Designer Kurties
Contact: 8502937848, 9351328464
Khushi Communication
Pradeep
+91-7792869666
pradeepmobiles66@gmail.com
71/12, Near K.V.-5 School, Madhyam Marg Mansarovar, Jaipur
Vinay Jangid (Kishan)
M.: 9828168765
9413874897
श्री Ganesh Steels & Furniture
MANUFACTURERS :
Steel Almirah, Book Case, Racks, Cooler
All Types of Steel and Wooden Furniture
SPECIALIST IN : WARDROBE COVER GATES & MODULAR KITCHEN
UU-41, Main Calgiri Road, Malviya Nagar, JAIPUR-302017
Sunita Mehta
M.: 9829011917
Rainbow
Beauty Parlour
Only for Ladies
Speciality in Haircut & Makeup
Timing : 10:30 AM to 7:30 PM
11/54, Malviya Nagar, Jaipur
Anokhi
VEG. RESTAURANT
Race
Crystal Court, Ground Floor, G-28, Malviya Nagar, Jaipur
Naughty Girl
A Complete Shop of Girls Western Outfits
Crystal Court, Malviya Nagar, Jaipur
Khem Singh
(Proprietor)
98283 93748
Ganesh Negi
97821 44089
Trackon
PRIME TRACK
Shree Negi Courier Services
Authorised Agent : Trackon Courier Pvt. Ltd. (Domestic & International)
Office : Shop No. 10, Opp. C-2 Plaza, Jhalana, Jagatpura Road, Malviya Nagar, Jaipur-302017 (Raj.)
Hotel Braj Haveli
A VENTURE OF ACE HOSPITALITY
Mahak
Beauty Parlour
Facial, Threading
Manicure, Pedicure
Bridal & Party Makeup
Hair Cutting
Waxing
All In Beauty Services
Call:- 6378267062, 9636970214
7/76 Malviya Nagar, Jaipur
TRIVENI
DOODH BHANDAR
jaipur 9413956930
SAI INFRASTRUCTURE
CONTACT
9694149634, 7737393926,
9001147111, 9414336135
9352363389, 9828393748,
7221077733, 8290385961
JAIPUR
STEEL
D-108, Sidharth Nagar, Getor Mod, Jagat Pura
DTDC
RAMAVTAR SHARMA
(CHANNEL PARTNER)
M/s TANU ENTERPRISES
D 171 Siddharth Nagar, Gaitor Road, Jagatpura, Jaipur - 302017
9782714636
jaipur_jagatpura2.raj@fr.dtdc.com
VENUE
Rishikul Vijay School, Near Kardhani Shopping Center, B-Block, MALVIYA NAGAR, JAIPUR

## आज मां कालरात्रि की आराधना



**नवरात्र** के सातवें दिन यानी महासप्तमी पर मां दुर्गा की सातवीं स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जाती है। सदैव शुभ फल देने के कारण इनको शुभंकरी भी कहा जाता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने के लिए जानी जाती हैं, इसलिए इनका नाम कालरात्रि है। मां दुर्गा की सातवीं स्वरूप मां कालरात्रि तीन नेत्रों वाली देवी हैं। कहा जाता है जो भी भक्त नवरात्रि के सातवें दिन विधि-विधान से मां कालरात्रि की पूजा करता है, उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। भय और रोगों के साथ ही भूत प्रेत, अकाल मृत्यु ,रोग, शोक आदि परेशानियां दूर हो जाती है।

### इस मंत्र का जप करें

*जय त्वं देवि चामुण्डे*
*जय भूतार्ति हारिणि।*
*जय सार्वगते देवि*
*कालरात्रि नमोस्तुते॥*

## विधानसभा चुनाव 2023: मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग का नवाचार

# महिलाओं के लिए बनेंगे पिंक बूथ, लाइव वेब कास्टिंग होगी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभ चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त बनाने के लिए इस बार निर्वाचन आयोग 50 फीसदी मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जयपुर जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4 हजार 589 मतदान बूथ बनाए जाएंगे।

इनमें से 2 हजार 341 बूथों पर में लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। इन बूथों में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि लाइव वेबकास्टिंग के जरिए बूथों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में केंद्रीयकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की जाएगी। जहां प्रशिक्षित कार्मिक हर बूथ की हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।



### युवा मतदाताओं को किया प्रेरित

चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर जयपुर के गांधी नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय और सुबोध बालिका महाविद्यालय में मॉक पोलिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने नव मतदाताओं को सी-विजिल एप की जानकारी दी। वहीं मतदान के जरिये लोकतंत्र के इस महोत्सव में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने मॉक पोलिंग कर मतदान प्रक्रिया को करीब से जाना। कार्यक्रम में जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा ने नव मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई।

### वोटिंग बूथों पर मौजूद रहेगा फीमेल स्टाफ

विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग इस बार कई तरह के प्रयोग कर रहा है। इस बार महिलाओं के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में 8 पिंक बूथ लगाए जाएंगे, जिनमें महिलाएं वोट कर सकेंगी और वोटिंग स्टाफ भी फीमेल ही रहेगा। पिंक बूथ बनाने से महिलओं के गिरते मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। जयपुर जिले में 19 विधानसभा क्षेत्रों में 152 पिंक बूथ बनाए जाएंगे।

## सर्दी बढ़ते ही डाई फ्रूट्स ने दिखाई गर्मी, खाद्य पदार्थों के भी 'भाव' बढ़े

# महंगाई ने बदला विवाह भोज का मेन्यू, 'अपने' व्यंजनों की मांग बढ़ी

**नरेंद्र चतुर्वेदी** | बेधड़क

**जयपुर।** देवउठनी ग्यारस से ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में शादी-बारात का नाम आते ही सबसे पहले लोगों की जुबां पर पसंदीदा डिश खाने और खिलाने की याद आती है। लोग महीनों बैठकर मेन्यू की लिस्ट को पूरी करते हैं। इसके लिए बाकायदा शेफ तक की मदद ली जाती है, लेकिन इस बार खाद्य पदार्थों में आई तेजी से शादी वाले घरों में लोग मीनू को लेकर असमंजस में आ गए हैं।

शादी जैसे बड़े आयोजन की तैयारी लोग आमतौर पर छह महीने पहले से ही करना शुरू कर देते हैं। ऐसे में अब मीनू डिसाइड करने के बाद बढ़ी मंहगाई ने फेवरेट डिशों को चेंज करने पर मजबूर कर दिया है। लोग विदेशी आइटम की जगह देशी स्थानीय डिशों को ही अपनी प्लेट में शामिल कर रहे हैं। इस बार लोग खाने के मीनू में इटालियन सब्जियों की डिश को भी शामिल कर रहे हैं। विदेशी सब्जियां मंडियों में आ रही हैं। इनमें जुगनू, ब्रोंकली, पास्ले, सेलरी, मशरूम आदि सब्जियां आ रही है। इन का उपयोग पास्ता, पीजा, मशरुम, बेलपेपर, क्विक टोमैटो पिज्जा, पिज्जा मार्गरिटा और रेड चटनी में किया जा रहा है।



### कम ही दिखेंगे सूखे मेवों के व्यंजन

शादी में बनने वाली मिठाई और अन्य विशेष व्यंजनों में डाईफ्रूटस् का महत्व विशेष होता है। सूखे मेवे से शादियों में कई तरह की लजीज डिश तैयार कराई जाती है, लेकिन इस बार शादियों में डाई फ्रूटस् के व्यंजन कम ही देखने को मिलेंगे। इसका प्रमुख कारण है डाई फ्रूटस् के दामों में हुई बढ़ोतरी। खाद्य और किराना व्यापार मंडल के बाबूलाल गोयल ने बताया कि आमतौर पर सर्दी में डाईफ्रूटस् के दामों में बढ़ोतरी होती है, लेकिन इस बार दीवाली से पहले ही सूखे मेवे के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। पिछले एक महीने में भी इलायची 1200 रूपए किलो से बढ़कर 2300 पहुंच गई है। वहीं पिस्ता श्राद्ध पक्ष में दो हजार रूपए किलो थी, जो 3200 रूपए पार हो गई है। काजू और बादाम के दामों में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। इससे सूखे् मेवे से बनने वाली डिश भी मंहगी ही होगी, शादियों के मीनू में इसका असर पड़ेगा।

### राजस्थानी थाली लगाएगी चार चांद

इसके अलावा लोगों ने शादियों में बनने वाली कई विदेशी डिशों को मीनू से लगभग हटवा दिया है। इसका प्रमुख कारण क्वालिटी वाला माल लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। पिछले सीजन में लोगों ने सर्दी में गर्म तासीर के लिए विदेशी डिशेज को खूब पसंद किया था, लेकिन इस बार लोगों की प्लेट में राजस्थानी थाली परोसी जाएगी। जिसमें केर-सांगरी सब्जी, मिक्स वेज, पनीर आइटम, घेवर, गोंदपाक, राबड़ी, खीचड़ा, मूंग—बादाम हलवा आदि व्यंजन को लोग तवज्जो दे रहे है। लोगों इन्हें पसंद भी कर रहे हैं और ये किफायती भी होता है। इसके अलावा लखनवी थाल, अवधी आइटम, पनीर से बने व्यंजन भी लोग अपने मीनू में शामिल कर रहे हैं।

## 200 गर्ल्स पीजी-हॉस्टलों में सर्वे

# किशोरियों को सुरक्षा के लिए घर-घर जागरूक कर रही 'निर्भया'



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ के निर्देशों पर महिला और बालिकाओं को सार्वजनिक स्थलों और परिवहन के साधनों में सुरक्षित वातावरण देने के लिए बनी निर्भया टीम शहर में स्थित गर्ल्स पीजी और गर्ल्स हॉस्टलों तक पहुंच कर किशोरियों को सुरक्षा के लिए जागरुक कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश के नेतृत्व में मिशन सतर्क जयपुर-सुरक्षित जयपुर के तहत निर्भया टीम ने जयपुर में स्थापित 200 से ज्यादा गर्ल्स पीजी व गर्ल्स हॉस्टलों में सर्वे कर और 3500 से अधिक बालिकाओं से बातचीत की गई। इन हॉस्टलों में सुरक्षा मानकों की ऑडिटिंग करने के साथ हॉस्टल संचालकों को पर्याप्त सुरक्षा के लिए पाबंद भी किया गया। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में काम कर रही निर्भया स्क्वाड टीम कॉलेज और स्कूल, कार्यस्थल पर आने-जाने के दौरान, मॉल, बाजार, भीड़ भाड़ वाली जगह, सार्वजनिक परिवहन के साधनों और बस स्टैंड पर किसी भी तरह की छेड़खानी या दुर्व्यवहार के मामलों में कड़ी निगाह रख रही है। उन्होंने बताया कि निर्भया टीम द्वारा 1000 से ज्यादा स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर हेल्पलाइन के पोस्टर चस्पाकर 1.25 लाख से ज्यादा बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया गया है। पिछले दो माह में निर्भया स्क्वाड टीम ने 100 से अधिक कॉल पर त्वरित कार्रवाई भी की है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि पीजी या हॉस्टल में रहने वाली और अपने परिवार से दूर रहने वाली किशोरियां किसी भी परेशानी के दौरान निर्भया हेल्पलाइन के 5 नंबरों 8764866090, 8764866091, 8764866092, 8764866093, 8764866094 पर बेझिझक सूचना दे सकती हैं।

## जरूरी खबर

### चंदलाई बांध में रंगीन पानी डालने वाले कारखाने सील

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने चाकसू के चंदलाई बांध में रंगाई-छपाई के 4 अवैध कारखानों को प्रदूषण फैलाने पर सील कर दिया है। इस संबंध में जयपुर दक्षिण के क्षेत्रीय अधिकारी अरविन्द कुमार ने बताया कि श्रीराम फिनिशिंग, श्री नारायण फिनिशिंग सेंटर, एम एस डायर्स और लक्ष्मी प्रिंटर्स कपडों की रंगाई-छपाई से उत्पन्न होने वाले रंगीन प्रदूषित जल को सीधे ही चंदलाई बांध में निस्तारित कर रही थी, साथ ही बिना किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए संचालित थी। जो जल अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों की अवहेलना के तहत शामिल है। चारों इकाइयों के बिजली कनेक्शन हटाए और सील कर दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## पश्चिम का मौसम और बढ़ाएगा सर्दी, गर्म कपड़ों की बढ़ी डिमांड

# दिन का पारा गरम, रात का मूड 'गुलाबी'

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम में रोज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों मौसम में हुए परिवर्तन से तापमान में गिरावट होने से सर्दी का असर बढ़ रहा है। पश्चिम प्रदेश में आने वाले दिनों में एक नया मौसम चक्र बनने से सर्दी और परवान पर चढ़ेगी।

पिलानी में गुरुवार को तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके कारण यहां सबसे ज्यादा सर्दी रही। सीकर, सिरोही, करौली, हनुमानगढ़ में भी तापमान में 16 डिग्री या उससे नीचे दर्ज हुए। मौसम विभाग का अनुमान है कि 22 अक्टूबर को पश्चिमी राजस्थान के जिलों में एक हल्का प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ एरिया में हल्के बादल छा सकते हैं। वहीं शेखावाटी एरिया में लगातार तापमान गिरने से सर्दी का आगाज हो गया है, लोग अब रात में गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे है। अधिकतर शहरों में गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 30 से लेकर 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू में भी दिन में गर्मी का असर थोड़ा कम रहा। रात में तापमान गिरने से इन शहरों में भी अब सर्दी बढ़ने लगी है।

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक राजस्थान में इसी तरह की सर्दी बने रहने की संभावना है। अगले एक सप्ताह तक पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल एरिया में मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और वहां बारिश, बर्फबारी नहीं होगी। प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज रहा।

### बाजार में भीड़ और सड़कों पर जाम



***बेधड़क.जयपुर।*** *नवरात्र शुरू होने के बाद से ही बाजारों में भी रौनक छाई हुई है। लोग खरीदारी के लिए मार्केट में निकल रहे हैं। ऐसे में परकोटे के बाजारों में वाहनों की रेलमपेल होने से जाम की स्थिति बन रही है। फोटो बड़ी चौपड़ पर लग रहे जाम का है।*
***-फोटो: पंकज शर्मा***

## पीडब्ल्यूडी एक्सईएन के खिलाफ ACB की एफआईआर

# रिश्वत की राशि को व्हाइट बनाने के लिए पत्नी के नाम से बनाई फर्म

**बेधड़क** | जयपुर

एक करोड़ रुपए के बिल पास करने की एवज में 4 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में फंसे पीडब्ल्यूडी एक्सईएन राजेन्द्र प्रसाद लखारा के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति मिलने की एफआईआर दर्ज कर ली है। एसीबी ने लखारा को एक ठेकेदार की शिकायत पर जुलाई में घूस लेते पकड़ा था।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने आरोपी के बैंक लॉकर व घर की तलाशी ली थी। जहां पर एसीबी को घर की सर्च में 24.57 लाख रुपए, दो बैंक लॉकर की तलाशी में 63.73 लाख रुपए मिले थे। इसके अलावा एसीबी को लॉकर में 15 लाख रुपए कीमत के सोने के आभुषण व 57.65 लाख रुपए के कीमत के चांदी के आभूषण मिले थे। इनकी जांच पड़ताल करने के बाद अब लखारा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा और दर्ज किया है।

एसीबी की जांच में सामने आया कि लखारा ने 1995 में जॉइन किया था और जुलाई 2023 तक आय 2.67 करोड़ थी। इस अवधि में लखारा की आय व संपत्तियां करीब 5.20 करोड़ हैं, जबकि खर्च 58 लाख के करीब हुए हैं। यानी कुल आय इस अवधि में एसीबी जांच में 5.78 करोड़ रुपए की सामने आई। पड़ताल में 3.10 करोड़ रुपए की आय व संपत्तियां ज्यादा मिली है। यानी कि लखारा के आय से 116 फीसदी से ज्यादा संपत्तियां मिली है।

### यह था एक नंबर करने का फॉर्मूला

एसीबी की पड़ताल में सामने आया कि आरोपी लखारा ने घूस की राशि को एक नंबर में करने के लिए अपनी पत्नी ज्योतिबाला लखारा के नाम से एक कंस्ट्रक्शन फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। फर्म का नाम सदगुरू मेहर एंटरप्राइजेज था, ताकि घूस की राशि को फर्म से आय दिखाकर उस राशि को एक नंबर में की जा सके। हालांकि, जब एसीबी ने ज्योतिबाला के फर्म की आय की जांच की तो सामने आया कि पत्नी के नाम से कोई आय नहीं थी। ऐसे में ज्योतिबाला को एसीबी ने क्लीनचिट दे दी और राजेन्द्र प्रसाद के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया है।




### यह था मामला

फर्म संचालक रविन्द्र ने एसीबी को लखारा के खिलाफ घूस मांगने की शिकायत की थी। आरोपी लखारा बिल पास कराने के लिए 5.50 लाख की रिश्वत मांग रहा था। आरोपी 1.5 लाख रुपए परिवादी से पहले ही ले चुका था। परिवादी का आरोप था कि उसकी फर्म द्वारा 3 वर्क-ऑर्डर करवाए गए थे, जिनकी लागत 1 करोड़ 97 लाख रुपए, 2 करोड़ 11 लाख रुपए और 2 करोड़ 7 लाख रुपए थी। इन कार्यों का करीब 1 करोड़ रुपए का भुगतान बाकी था। इसे बिल पास करवाने के लिए राजेन्द्र प्रसाद ने 4 लाख रुपए की घूस ली थी।

## जरूरी खबर

### धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह कांग्रेस में शामिल



**जयपुर।** धौलपुर से विधायक शोभारानी कुशवाहा ने विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस में शामिल होकर भाजपा को बड़ा झटका दे दिया है। विधायक कुशवाह के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट करने पर भाजपा ने उन्हें निष्कासित कर दिया था। विधायक शोभारानी कुशवाहा के कांग्रेस में शामिल होने से विधानसभा चुनाव में बीजेपी के लिए मुसीबत खड़ी हो सकती है। धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी और राजाखेड़ा चारों विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव में इसका असर देखने को मिल सकता है। शोभारानी कुशवाहा पूर्व सीएम वसुंधरा राजे गुट की मानी जाती है।

### मंत्री जाहिदा खान के पति की कार पर पथराव

**जयपुर।** डीग में मंत्री जाहिदा खान के पति जलीस खान की कार पर पथराव हो गया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे जलीस खान पहाड़ी थाना इलाके के तिलकपुरी गांव से गुजर रहे थे। यहां वे कार से उतरकर लोगों से मिलने लगे। समर्थक उनका स्वागत कर रहे थे कि तभी विरोध करने वालों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। लोग मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। एक युवक कार की छत पर चढ़कर कूदने लगा। आक्रोश बढ़ता देख खान के ड्राइवर ने कार दौड़ाई तो भीड़ पीछे भागने लगी और कार पर पथराव कर दिया। यहां से जलीस खान जान बचाकर भागे।

### खलकाणी माता का चार दिवसीय गर्दभ मेला आज से



**जयपुर।** राजधानी के निकट नगर निगम ग्रेटर के भावगढ़ बंध्या में हर साल लगने वाला एशिया का प्रसिद्ध खलकाणी माता का चार दिवसीय गर्दभ मेला शनिवार से भरेगा। मेला स्थल पर पशुपालकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मेले को लेकर नगर निगम ग्रेटर ने अब अपनी ओर से तैयारियां पूरी ली है। खलकाणी माता मानव सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर उम्मेद सिंह राजावत ने बताया कि मेले में राजस्थान सहित गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, एमपी, उत्तरप्रदेश से सैंकड़ों पशुपालक पहुंचते हैं। मेले में गधे, घोड़े और खच्चर की खरीद-फरोख्त होती है।

**विधानसभा आम चुनाव 2023:** प्रदेश में चप्पे-चप्पे पर नाकाबंदी, जांच एजेंसियां अलर्ट

# आचार संहिता लगने के बाद 143 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

■ आचार संहिता की पालना में उठाए जा रहे सख्त कदम

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग और जांच ऐंजेंसियां अवैध मादक पदार्थों और नकदी के खिलाफ सख्ती बरत रही हैं।

आर्दश आचार संहिता की पालना के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। चुनाव आचार संहिता लगने के बाद से पुलिस, इनकम टैक्स, आबकारी विभाग अपने



कार्यक्षेत्र में इसवर्ष रिकॉर्ड काम कर रही है। प्रदेश में एंजेसियां इस तरह अलर्ट मोड पर हैं कि आचार संहिता लगने के बाद शुक्रवार तक 143 करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध सामग्री पकड़ी जा चुकी है। इसमें 26 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी भी शामिल है।

### 10 दिनों में हुई रिकॉर्ड जब्ती

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सभी एजंसियां नकदी, मादक पदार्थ, गोल्ड सहित कई महंगी सामग्री के परिवहन पर कड़ी नजर रख रही हैं। गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार आचार संहिता लगने के बाद से शुक्रवार तक 7 लाख 95 हजार 978 लीटर शराब (15 करोड़ 37 लाख रुपए कीमत), 26 करोड़ 27 लाख रुपए कैश, 38.94 करोड़ रुपए की ड्रग्स और सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं सहित करीब 15.72 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है, जबकि 46.24 करोड़ रुपए कीमत की फ्रीबीज भी जब्त की गई है। गुप्ता ने बताया कि 2018 के विधानसभा आम चुनाव में पूरी आचार संहिता के दौरान यानि 65 दिन में 70 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की गई थी। लेकिन इस बार 10 दिनों में ही 143 करोड़ की सामग्री को जब्त किया जा चुका हैं।

### एप से देख सकते हैं निर्वाचन सूची में नाम

विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर निर्वाचन विभाग अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 नवंबर को पूरक सूची के साथ करेगा। लेकिन मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित रहे पात्र मतदाता अभी भी 27 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। मतदाता वोटर लिस्ट में घर बैठे अपना नाम वीएचए एप के माध्यम से चेक कर सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित पात्र मतदाता 27 अक्टूबर तक भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा वोटर हेल्पलाइन एप पर जाकर फॉर्म 6 और फॉर्म 8 के तहत अपने आवेदन कर सकते हैं।

### जब्ती में जयपुर सबसे आगे

निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि 21 करोड़ 20 लाख की जब्ती के साथ जयपुर प्रदेश में सबसे आगे है। दूसरे स्थान पर उदयपुर 11 करोड़ 20 लाख, तीसरे स्थान पर बाड़मेर 9 करोड़ 80 लाख, चौथे स्थान पर 9 करोड़ 49 लाख रुपए के साथ भीलवाड़ा है। अलवर 8.31 करोड़, जोधपुर 8.26 करोड़, श्रीगंगानगर 7.17 करोड़, सीकर 6.63 करोड़, चित्तौड़गढ़ 6.53 करोड़ और पाली ने अब तक 5.26 करोड़ रुपए का जब्ती की है।

**प्रियंका गांधी के सामने** कांग्रेस की चुनावी एकजुटता का संदेश

# पायलट के साथ गहलोत बोले... मतभेद भूलकर साथ चुनाव लड़ें

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के ईआरसीपी जन जागरण समापन सभा में कांग्रेस के लिए सुखद तस्वीरें सामने आई। दौसा के सिकराय में सभा स्थल से लेकर मेहंदीपुर बालाजी मंदिर तक पार्टी में एकजुटता का संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट प्रियंका गांधी के साथ नजर आए। यही नहीं लम्बे समय बार सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक साथ कार में यात्रा की। यहीं नहीं दोनों नेताओं ने सभा स्थल पर एक साथ चुनाव लड़ने की कार्यकर्ताओं से अपील भी की।

सीएम गहलोत ने जनसभा में पायलट की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेंगे तो राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। हम सबको समझना पड़ेगा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो पूरे देश में मैसेज जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में ईआरसीपी परियोजना को लेकर पीएम मोदी पर वादा खिलाफी का



आरोप लगाया। सीएम गहलोत ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर केंद्र सरकार लगातार राजस्थान के लोगों को गुमराह कर रही है, लेकिन हम इनको एक्सपोज करेंगे। उन्होंने कहा कि हालही में जेपी नड्डा राजस्थान आए, लेकिन उन्होंने ईआरसीपी पर एक शब्द नहीं बोला।

वहीं सचिन पायलट ने ईआरसीपी को लेकर कहा कि हमारी सरकार ने काम किया है, लेकिन हमारे किसानों, आम लोगों को इसलिए परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि केंद्र में मोदी सरकार है। पीएम मोदी ने दो बार इस परियोजना को लेकर कहा, लेकिन कांग्रेस की सरकार होने के चलते भेदभाव कर रहे हैं।

### कांग्रेस विधायकों और ओमप्रकाश को जिताने की अपील

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनसभा में कहा कि दौसा जिला हमारी प्राथमिकता में है। जब दौसा जिला बना तो भी लोग ऐसी ही बातें करते थे, जबकि आज दौसा में जबरदस्त विकास हो रहा है। इस दौरान उन्होंने दौसा जिले के चारों कांग्रेस विधायकों परसादी लाल मीणा, ममता भूपेश, मुरारी लाल मीणा और जीआर खटाना के साथ ही निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुड़ला को जीताने के लिए जनता से अपील की। इससे साफ है कि कांग्रेस निर्दलीय विधायक हुड़ला को भी मैदान में उतरने जा रही है।

### मनमुटाव है तो उसे भूल जाओ: पायलट

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए सचिन पायलट ने कहा अगर किसी का कोई छोटा-मोटा मनभेद, मनमुटाव है तो उसे भूल जाओ और राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान के पैगाम को आगे बढ़ाओ। पायलट ने कहा कि भाजपा के लोग चिंतित हैं, उन्हें पता नहीं किसे कहां से टिकट दें। सब जानते हैं कि कांग्रेस इस बार मजबूती से चुनाव लड़ रही है। दौसा जिले ने हमेशा से कांग्रेस का ध्यान दिया, तो कांग्रेस पार्टी ने भी लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

### देश का भविष्य तय करेंगे प्रदेश के चुनाव

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि भाजपा घबराहट में सांसदों को टिकट दे रही है। दिल्ली के नेता उनका प्रचार कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने के बाद ये नेता आपको दिखाई नहीं देंगे। राजस्थान का चुनाव सिर्फ प्रदेश का ही नहीं, पूरे देश का भविष्य तय करेगा। सीएम ने कहा भाजपा कहती है कि कमल का फूल ही हमारा चेहरा है तो क्या कमल का फूल सड़क बनाएगा?

### BJP ने नहीं निभाया वादा: डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने ईआरसीपी पर भाजपा को घेरते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने दो बार प्रदेश के लोगों के साथ वादा किया था कि 2019 में सत्ता में आए तो ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करेंगे, लेकिन दुख की बात है कि राजस्थान के केंद्रीय जल मंत्री होने के बावजूद भाजपा ने यह वादा नहीं निभाया। हमारी सरकार ने इसके लिए 23 हजार करोड़ रुपए का बजट देकर अपना वादा पूरा किया है। डोटासरा ने कहा, हमने शानदार काम किए हैं।

**कहासुनी का बदला** लेने को किया हमला

# दोस्त के लिए खुद की जान कुर्बान, बदमाशों ने चाकुओं से गोदा

**बेधड़क** | अलवर

कहते हैं सच्ची दोस्ती के लिए दोस्त अपनी जान भी कुर्बान कर देता है। ऐसा ही एक मामला अलवर जिले में सामने आया है। एक युवक ने दोस्त की जान बचाने के लिए खुद की जान कुर्बान कर दी। वहीं, जिस दोस्त को बचाने के लिए युवक ने अपनी जान को दाव पर लगाया वह भी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

जानकारी के अनुसार तीन-चार दिन पहले ट्रेन में मुनफेद और अमित के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी का बदला लेने के लिए मुनफेद ने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर अमित पर हमला बोल दिया। यह देख योगेंद्र ने अपने दोस्त अमित को बचाने का प्रयास किया। इस प्रयास में उसकी जान चली गई। यह घटना जिले के खैरथल थाना



इलाके के खिरचगी गांव में गुरुवार शाम को उस समय घटित हुई, जब दोनों दोस्त जिम जाने के लिए अपने घर से निकले थे। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक योगेंद्र और अमित निवासी खिरचगी गांव में ही स्थित जिम जा रहे थे।

तभी 3 बाइकों पर सवार होकर आए 8-9 लोगों ने अमित पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। जब योगेंद्र ने दोस्त को बचाने की कोशिश की तो उसे भी लहुलुहान कर दिया। इस हमले में योगेंद्र की मौत हो गई। वहीं, अमित का अस्पताल में उपचार जारी है।

### धरने पर बैठे लोगों ने जताया रोष

युवक की मौत के बाद परिजन और ग्रामीण धरने पर बैठे गए। सूचना मिलते ही विधायक दीपचंद खैरिया और पूर्व विधायक रामहेत यादव भी खिरचगी गांव पहुंचे। नेताओं और पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश की, लेकिन वे नहीं माने। ग्रामीणों ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के साथ ही मृतक के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा, सरकारी नौकरी और घायल को 25 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग उठाई।

**जगह-जगह पंच-पटलों** ने किया भावभीना स्वागत

# रविन्द्र ने कई गांवों में किया जनसंपर्क

**बेधड़क** | करौली

विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना ने शुक्रवार को मासलपुर क्षेत्र के 15 गांवों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान पंच-पटेलों और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ मीना का स्वागत किया और उन्हें भरपूर समर्थन का भरोसा दिया।

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जमनालाल ने बताया कि मीना सुबह 8 बजे अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मासलपुर क्षेत्र के लिए रवाना हुए। उन्होंने दीपपुरा के साथ मासलपुर, भोजपुर, तलहटी, सरदारपुरा, मेवला, कंचनपुर, लखनीपुर, भाऊआ, मदनपुर, सीलोती,



### अग्नि पीड़िता को बंधाया ढांढस

गांव छेंड का पुरा में गत दिवस आग लगने से महिला लक्ष्मी मीना की कडवी जल गई। इससे उसे बडे नुकसान का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पहले ही लक्ष्मी मीना के पति का भी देहांत हो गया था। इस पर रविन्द्र मीना ने पीड़िता को ढांढस बंधाया।

काधीपुरा, अनीजरा सहित 15 गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान दीपपुरा में मनोहरी पटेल और कमल पटेल आदि ने रविन्द्र मीना का स्वागत कर समर्थन का पूरा भरोसा दिलाया। गांव तलहटी में धर्मेन्द्र गुर्जर, अनिल शर्मा, फतेहसिंह, रजन सिंह गुर्जर, रामेश्वर शर्मा, गांव मेवला में भूर सिंह गुर्जर, नरसी राम, दिनेश गुर्जर, शेरसिंह, लखनीपुर में जीवन लाल जाटव, विजेन्द्र, धर्मसिंह, लाखन सिंह, कंचनपुर में पूर्व सरपंच रामजीलाल, रामगोपाल शर्मा, जयलाल जाटव, शिवकुमार शर्मा, भाऊआ में करतार सिंह, रामनिवास, महेश जाटव, सीलोती में जीतू, रेखसिंह, अमर सिंह, अतरूप सूबेदार, पप्पी जाटव, मदनपुर में अजय जाटव, बाबूलाल जाटव, फूलसिंह, अनीजरा में रामवीर सिंह बैंसला, ओमवीर सिंह आदि ने रविन्द्र मीना का स्वागत किया।

**बीमारी से निधन के बाद** राजकीय सम्मान के साथ की अंत्येष्टि

# BSF जवान को बेटी ने दी मुखाग्नि

**बेधड़क** | सीकर

जिले में बीएसएफ के जवान की बीमारी से मौत हो गई। शुक्रवार को राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। इसमें जवान की 10 वर्षीय बेटी ने बेटे का फर्ज निभाते हुए पिता को मुखाग्नि दी। जवान का काफी लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था।

जानकारी के अनुसार बीएसएफ जवान महेंद्र कुमार वर्मा (45) सीकर जिले के गांव लामियां के रहने वाले थे। वे बीएसएफ बटालियन 140 में इंस्पेक्टर के पद पर जम्मू-कश्मीर के कूपवाड़ा में तैनात थे। वे काफी लंबे समय से बीमार थे और इलाज चल रहा था। 12 जून को कूपवाडा



से छुट्टी लेकर घर भी आए थे। जवान की गुरुवार को अचानक से तबीयत बिगड़ गई और सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

इसके बाद परिजनों ने जवान को खाटूश्यामजी सीएचसी में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके गांव में शुक्रवार दोपहर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया और सलामी दी गई। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जवान की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जवान के 2 बेटियां हैं। बड़ी बेटी मनिस्का 10 साल की है जो पांचवी कक्षा में पढ़ती है। छोटी बेटी मनस्वी पहली कक्षा में है।

**भाजपा का पलटवार**

# प्रियंका का दौरा प्रदेश की जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा: जोशी

■ देवनारायण मंदिर में चढ़ावे को लेकर बेतुका बयान, भक्त और भगवान का अपमान

**बेधड़क** | जयपुर

ईआरसीपी के मुद्दें को लेकर राजस्थान में हुए प्रियंका गांधी के दौरे और सभा में दिए गए बयानों पर भाजपा नेताओं ने पलटवार करते हुए उन पर जुबानी हमला बोला हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रियंका के दौरे पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रियंका वाड्रा का भाषण अशोक गहलोत सरकार के कुशासन, अकर्मण्यता, अपराध, भ्रष्टाचार से पीड़ित प्रदेश की जनता के घाव पर नमक छिड़कने जैसा हैं। अपने भाषण में केंद्र सरकार की आलोचना और गहलोत सरकार की प्रशंसा के अलावा उन्होंने कोई नई बात नहीं की।

कांग्रेस सरकार ने जिन योजनाओं के आंकड़े लिख कर दिए उन्हें पूरे जोश के साथ बोल दिया। यह तो पता करना चाहिए कि उन योजनाओं का लाभ कितने लोगों तक पहुंचा है। जोशी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से दुष्कर्म से पीड़ित महिलाएं और बच्चियां न्याय की पुकार कर कर रही हैं, आखिर उन्हें कब न्याय मिलेगा। उनके आंसू कब पौंछे जाएंगे। पूरे पांच साल में प्रियंका गांधी या गांधी



परिवार का कोई सदस्य उनका हाल जानने क्यों नहीं आया? वहीं प्रियंका का देवनारायण भगवान के मंदिर में चढ़ावे को लेकर दिया गया बयान भक्त और भगवान दोनों का अपमान करने वाला हैं।

इस प्रकार की बात करना तुष्टीकरण की राजनीति का ही एक हिस्सा है, कांग्रेस हमेशा से ही ऐसा करती आई है।

### साढ़े चार साल चली लूट, झूठ और फूट की सरकार

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय से शुक्रवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी अपने सियासी पर्यटन पर राजस्थान आई थीं, और यह कोई नई बात नहीं है। यहां साढ़े चार साल लूट, झूठ और फूट की सरकार चली हैं। इस पर प्रियंका गांधी एक शब्द नहीं बोलतीं। राजस्थान में तो प्रियंका गांधी खुद भ्रष्टाचार की स्टेक होल्डर है। उनके परिवार ने बीकानेर में किसानों की जमीनें हड़पने का काम किया, जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। पूनावाला ने कहा कि भाजपा की सोच है बेटी बचाओ और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की सोच है 'बलात्कारी बचाओ'। कांग्रेस में महिला सुरक्षा की बात करें तो इनकी विधायक दिव्या मदेरणा कहती है कि मैं खुद सुरक्षित नहीं हूं। इसके बाद कांग्रेस के मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लाल डायरी का मुद्दा उठाते हैं तो उन्हे बर्खास्त कर दिया जाता है। इन सभी मामलों में प्रियंका गांधी



ने एक शब्द नहीं बोला और उत्तरप्रदेश में जाकर महिला सुरक्षा की बात करतीं हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रतिदिन 17 दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं। बेटियों के साथ बर्बरता होती है, लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि प्रियंका गांधी ने राजस्थान आकर पीड़ित परिवार से मिलने और संवेदना जताना उचित नहीं समझा। पूनावाला ने कहा कि राजस्थान में 22 प्रतिशत दुष्कर्म के मामले हो रहे हैं और आज देश के सबसे असुरक्षित 10 जिलों में से 8 जिले राजस्थान से हैं आप अंदाजा लगा सकते हैं कि राजस्थान में महिला सुरक्षा का क्या हाल हैं।

### भ्रष्टाचार और जंगलराज पर कब बोलेंगी: रामकुमार



भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रदेश प्रवक्ता राम कुमार वर्मा ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि कुशासन, भ्रष्टाचार, जंगलराज और अपराधीकरण ने पांच वर्ष में प्रदेश को शर्मसार किया है। सीएम अशोक गहलोत ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए बीते पांच साल में कुशासन और भ्रष्टाचार को ही अपना प्रमुख एजेंडा माना है। इसके चलते राजस्थान विकास में पिछड़ता चला गया। वर्मा ने कहा कि प्रियंका गांधी से सवाल है कि वे इस रैली में जनता के सवालों का जवाब क्यों नहीं दे पाईं। यह सवाल मेरा नहीं प्रदेश की जनता का है कि प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार जिसमें पेपर लीक, जल जीवन मिशन घोटाले, मनरेगा कार्यों और योजना भवन के डीओआईटी विभाग की अलमारी में मिली करोड़ों की नकदी और सोने के बिस्किट किसके थे।





**सीधे फील्ड से** धोद विधायक मोर्दिया सबसे धनवान, बीटीपी के राजकुमार रोत की संपत्ति सबसे कम

# हमारे 79% विधायक हैं करोड़पति 23% आपराधिक मामलों में आरोपी

**बेधड़क** | जयपुर

चुनाव में जीतने के लिए पैसा और बल दोनों बहुत जरूरी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) और राजस्थान इलेक्शन वॉच (REW) की ताजा रिपोर्ट के आंकड़ों से यह बात साबित हो जाती है। राजस्थान चुनाव से पहले तैयार की गई रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के मौजूदा 199 विधायकों में से 157 विधायक करोड़पति हैं। साथ ही 199 में से 46 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 28 के खिलाफ दर्ज मामले गंभीर किस्म के हैं। प्रदेश के कुल 157 करोड़पति विधायकों में से सर्वाधिक 88 विधायक सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के हैं। भाजपा के करोड़पति विधायकों की संख्या 54 है। इनके अलावा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का एक विधायक करोड़पति है। कुल 14 में से 12 निर्दलीय विधायक करोड़पति हैं।



## कांग्रेस विधायकों की औसत संपत्ति 9.28 करोड़

रिपोर्ट के अनुसार विश्लेषण किए गए 108 कांग्रेस विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 9.28 करोड़ रुपए है। भाजपा के 69 विधायकों की औसत संपत्ति 5.45 करोड़ और आरएलडी के एक विधायक की संपत्ति 2.55 करोड़ रुपए है। 14 निर्दलीय विधायकों की औसत संपत्ति 7.54 करोड़ व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 3 विधायकों की औसत संपत्ति 1.19 करोड़ रुपए है। भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो और सीपीआई (एम) के दो विधायकों की औसत संपत्ति 7.66 लाख रुपए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस के धोद (SC) विधानसभा विधायक परसराम मोर्डिया ने 172.76 करोड़ रुपए की संपत्ति होने की घोषणा की है, जबकि चोरासी (ST) सीट से भारतीय ट्राइबल पार्टी के विधायक राजकुमार रोत के पास सबसे कम 1.22 लाख रुपए की संपत्ति है। रिपोर्ट के मुताबिक 39 विधायकों ने 1 करोड़ रुपए की देनदारी घोषित की है, भाजपा के गोपाल लाल शर्मा, जो मांडलगढ़ से विधायक हैं, उन पर 34 करोड़ रुपए की देनदारी है।

## 59 विधायक 12वीं से कम पढ़े

रिपोर्ट के अनुसार 59 विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं से 12वीं कक्षा के बीच घोषित की है। विधानसभा में 128 विधायक ग्रेजुएट या इससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। पांच विधायक डिप्लोमा धारक हैं। सात विधायकों ने खुद को सिर्फ साक्षर घोषित किया है।



## 80 की उम्र 50 से कम

रिपोर्ट के मुताबिक 80 विधायकों ने अपनी उम्र 25 से 50 साल के बीच घोषित की है। 119 विधायकों की उम्र 51 से 85 साल के बीच है। फिलहाल प्रदेश में एक सीट खाली है। 199 विधायकों में से 27 विधायक महिलाएं हैं।

### 46 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले?

कांग्रेस के 108 विधायकों में से 18 भाजपा के 69 विधायकों में से छह और 14 निर्दलीय विधायकों में से चार ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एक विधायक पर हत्या से संबंधित, चार विधायकों पर हत्या के प्रयास से संबंधित मामले चल रहे हैं। कुल 46 विधायकों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### इन विधायकों के पास सर्वाधिक संपत्ति

- परसराम मोर्दिया (धोद) - 172 करोड़
- अंजना उदयलाल (निम्बाहेड़ा)- 107 करोड़
- विश्वेन्द्र सिंह (डीग कुम्हेर)- 104 करोड़
- रफीक खान (आदर्श नगर)- 49 करोड़
- गोपाल लाल शर्मा (मांडलगढ़)- 49 करोड़
- राजेन्द्र सिंह यादव (कोटपूतली)- 44 करोड़
- कल्पना देवी (लाडपुरा)- 43 करोड़
- रामकेश (गंगापुर)- 39 करोड़
- प्रमोद जैन भाया (अंता)- 27 करोड़
- अशोक (हिंडौली)- 26 करोड़

### और इनकी संपत्ति सबसे कम

- राजकुमार रोत (चौरासी)- 1.22 लाख
- मुकेश कुमार भाकर (लाडनूं)- 5.92 लाख
- रामनिवास गावड़िया (परबतसर)- 6.45 लाख

### इन पर सबसे ज्यादा देनदारी

- गोपाललाल शर्मा (मांडलगढ़)- 34 करोड़
- रफीक खान (आदर्शनगर)- 33 करोड़
- अशोक (हिंडौली)- 21 करोड़

**बिहाइंड द कर्टेन**




## टिकट की धुकधुकी से नेताजी हुए बेचैन

राजस्थान के रण में एक तरफ जहां पार्टी से जुड़े नेता चुनावी जंग में उतरने को बेताब हैं वहीं बगैर दल वाले नेता भी ताल टोकने की तैयारी में हैं। इन सबके बीच दोनों प्रमुख पार्टियों से जुड़े दावेदारों में टिकट की धुकधुकी देखने को मिल रही है। कोई टिकट पक्का समझकर निश्चिंत है तो कोई टिकट मिलेगा या नहीं इसको सोचकर दिल थामे बैठा है। बहरहाल दोनों ही दलों में टिकट सूची का इंतजार सस्पेंस बनाए हुए है। सत्ताधारी पार्टी में तो हालात ओर भी हलचल भरे दिख रहे हैं। पहली सूची के लिए ही पार्टी में लंबी जद्दोजहद पिछले कई दिनों से चल रही है। दावेदारों का कई स्तरों पर परीक्षण भी हो चुका है। पर्यवेक्षकों ने उनकी जमीनी हकीकत का फीडबैक भी ले लिया। इसके बावजूद पहली लिस्ट का इंतजार दावेदारों की धड़कने बढ़ा रहा है। वहीं फूल वाली पार्टी की बात करें तो पहली लिस्ट के बाद पार्टी में उठे विरोध के सुरों को देखते हुए अब दूसरी सूची जारी करने में आलाकमान फूंक-फूंक कर आगे बढ़ रहा है। दावेदारों को लेकर बैठकों का दौर कई स्तरों पर चल रहा है। पहले कहा जा रहा था कि नवरात्रा के दौरान दूसरी सूची जारी होगी, लेकिन नवरात्रा के छह दिन गुजर जाने के बावजूद अब तक लिस्ट का इंतजार हो रहा है। ऐसे में दोनों दलों के दावेदारों में टिकट की धुकधुकी बनी हुई है। उधर फूल वाली पार्टी में पहली सूची जारी होने के बाद जिन प्रत्याशियों का विरोध हो रहा था वह भी अब ठंडा पड़ता दिख रहा है।

■ यायावर

**ई वॉर**


Ashok Gehlot
@ashokgehlot51
स्वतंत्र एजेंसियों पर होता नियंत्रण,
संविधान पर भाजपा का आक्रमण।
#कांग्रेस_फिर_से
Translate post

C. P. Joshi
@cpjoshiBJP
श्रीमती @priyankagandhi जी की 21 रुपए के लिफाफे वाली भ्रामक टिप्पणी देवनारायण भगवान के दर्शन करने आए उनके भक्त पर शोभा नहीं देती। यह भक्त और भगवान दोनों का अनादर है।
सुनी सुनाई बातों में आकर प्रधानमंत्री जैसे पद पर आसीन व्यक्ति पर गलत टिप्पणी करना कांग्रेस के बड़े नेताओं की पुरानी आदत है।

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## इनको तो अपना-अपना सामान बेचना है...तुम सोचो कौन बेहतर है

**स्थान** टी-स्टॉल **समय** दोपहर 11:10 बजे

**चौड़ा रास्ता, जयपुर**

चुनावी बाजार में तेजी-मंदी का दौर जारी है। दोनों पार्टियां अपनी-अपनी गणित जमाने में लगी हैं। दोनों के आलाकमान से लेकर लोकल नेता तक ने दिन-रात एक कर दिए हैं। इधर, नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता का टिकटों का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। इन सबके साथ ही चल रहा है कयासों का दौर। बाजारों से लेकर गलियों तक चौपालों से लेकर चौराहों तक हर जगह बस चुनावों की चर्चा है। चुनावी चकल्लस के बीच नए-नए कयास सुनने को मिल रहे हैं। चुनावों के इस माहौल ने जनता के पिछले पांच साल के अनुभवों को जैसे ताजा कर दिया है। हर कोई अपने फायदे-नुकसान का आकलन कर रहा है। लोगों के बीच चलने वाली चर्चाओं से साफ होने वाली चुनावी तस्वीर को देखने हम चौड़ा रास्ता में चाय की एक थड़ी पर पहुंचे। ठेलेनुमा थड़ी पर खौलती चाय की खुशबू आस पास फैली है। यहां वहां लकड़ी की छोटी स्टूलों पर लोग बैठे हैं। कुछ ग्रुप हैं तो कुछ लोग अकेले भी चाय की चुस्कियां ले रहे हैं। सबके बातचीत के अलग अलग टॉपिक हैं। एक तरफ से आवाज आती है-"आज तो तुम्हारी दीदी आई हैं, ये तो अच्छा है जयपुर में नहीं आई नहीं तो यहां पूरा दिन खराब हो जाता अपना।" सामने वाले को टारगेट कर निशाना साधा गया तो वह भी कहां चुप बैठने वाला था-"तो क्या हुआ आई है तो, तुम्हारे वाले चक्कर नहीं काट रहे क्या। तुम्हारे तो ऐसे ऐसे लोग चक्कर लगा रहे हैं जिनको चुनाव के बीच में पड़ना ही नहीं चाहिए।" जवाब सटीक था, पास में ही अकेले चाय की चुस्की ले रहे तीसरे आदमी ने चर्चा के बीच में एंट्री मारी-"अरे भाई, अभी तो सबसे ज्यादा मजा ही इनकी सभा में आ रहा है। इनको तो जिस भी मुद्दे से वोट मिल सकते हैं, उसी को उछाल रहे हैं बस। बस मार्केटिंग चल रही है सब जगह, खुद का गुणगान और सामने वाले के कपड़े फाड़ना, बस ये ही चल रहा है।" चर्चा रोचक हो चली थी, पास में से ही चौथे ने भी चर्चा के बीच एंट्री मारी- "तो क्या बुराई है इसमें, जिसका जो काम है वो कर रहा है। पांच साल में ये ही तो टाइम आता है जब इनको कुर्सी का जुगाड़ करना है। इसके बाद तो कुर्सी मिल गई तो मौजां ही मौजां, नहीं मिली तो फिर पांच साल आराम करो।" जिसने बात शुरू की थी उसी ने बात खत्म करते हुए कहा-"अरे दादा, इनका काम है अपना सामान बेचना, आपको जिसपर भरोसा हो उसको चुनो। आप जिसको काबिल समझते हो और आपको लगता है कि वो कुछ अच्छा कर सकता है उसको चुन लो बस, सिंपल सा फंडा है।" इस सटीक कन्क्लूजन के साथ ये चर्चा समाप्त हुई।

**पॉली क्लिक्स**



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को दौसा के सिकराय में थीं। जनसभा के दौरान एक कार्यकर्ता ने उन्हें गदा भेंट की। गदा दिखाकर उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को मजबूती से काम करने का संदेश दिया। साथ मौजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इस दौरान काफी उत्साहित नजर आए।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# गायत्री देवी ने ऐसा जीता चुनाव कि सभी विरोधियों की हो गई थी जमानत जब्त



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

गुलाबी नगर जयपुर के बुजुर्ग मतदाताओं को राजस्थान से लोकसभा में प्रथम महिला सदस्य के रूप में तत्कालीन राजपरिवार की महारानी गायत्री देवी के विशाल विजयी जुलूस का साक्षी बनने का अवसर मिला होगा। स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात भारत में 1967 में तीसरा आम चुनाव था जिसमे लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए गए थे। स्वतंत्र पार्टी के माध्यम से चुनावी राजनीति में सम्मिलित होने का गायत्री देवी के लिए यह पहला अवसर था जिसमे उन्हें शानदार सफलता मिली। इससे उत्साहित होकर उन्होंने लगातार दो चुनाव जीतकर तिकड़ी बनाई। लेकिन अगला चुनावी चौका लगाने से पहले गायत्री देवी और उनके परिवारजनों को आयकर छापे की प्रक्रिया व जेल की सलाखों के पीछे समय व्यतीत करना पड़ा। संयोगवश तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और गायत्री देवी शांति निकेतन में साथ-साथ अध्ययन कर चुकी थी।



स्वाधीन भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल एवं राजा जी नाम से चर्चित चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य ने स्वतंत्र पार्टी की स्थापना के लिए पहल की। उनके सहयोगियों को देश भर से अच्छा समर्थन मिला। राजा-महाराजाओं के अलावा समाज के प्रतिष्ठित हस्तियों सहित प्रमुख बुद्धिजीवी नई पार्टी के प्रति आकर्षित हुए। देशी रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया में 7 अप्रैल 1949 से 31 अक्टूबर 1956 तक राज्य के संवैधानिक प्रमुख जयपुर के पूर्व महाराजा मानसिंह की सहमति से उनकी पत्नी महारानी गायत्री देवी ने स्वतंत्र पार्टी की सदस्यता ली।

गायत्री देवी के विजयी जुलूस की पृष्ठभूमि जानने के लिए हमे कुछ पीछे लौटना होगा। स्वतंत्र पार्टी प्रत्याशी बनने से पहले और चुनावी जीत दर्ज करने से पहले गायत्री देवी को शहर परकोटे से लगते रामलीला मैदानतथा सिटी पैलेस गोविंददेवजी मंदिर के निकटवर्ती चौगान स्टेडियम का सफर तय करना पड़ा। स्वतंत्र पार्टी के संस्थापक राजा जी के जयपुर आगमन पर रामलीला मैदान में सभा आयोजित की गई। इस सभा में राजा जी का परिचय गायत्री देवी ने कराया। जनसमूह के सामने उनका यह प्रथम और संक्षिप्त संबोधन था। अगले वर्ष 1962 में लोकसभा चुनाव की घंटी बज गई और गायत्री देवी को जयपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया। अपनी जीत के साथ उन पर पुराने जयपुर राज्य की सीकर-झुंझुनू, दौसा और सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र एवं संबंधित 50 विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार एवं उन्हें विजयी बनाने की भी जिम्मेदारी थी। गायत्री देवी ने इस उत्तरदायित्व को भली भांति निभाया। पांच में से तीन सीटों पर सफलता मिली। जयपुर में चुनाव प्रचार की आखिरी सभा चौगान स्टेडियम पर थी जिसे गायत्री देवी के साथ महाराजा मान सिंह ने भी संबोधित किया।

### गिनीज बुक में दर्ज हुई थी रिकॉर्ड जीत

मतदान को अपने पक्ष में लाने के लिए स्वतंत्र पार्टी के चुनाव चिन्ह 'तारा' को मतदाताओं के दिलो दिमाग तक पहुंचाने के लिए गायत्री देवी और उनके समर्थकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए गायत्री देवी पत्नी कृष्णचन्द्र को प्रत्याशी बनाया गया। मतगणना में बढ़त लेने वाली गायत्री देवी को 1 लाख 92 हजार 909 (77.08 प्रतिशत) वोट मिले। प्रतिद्वंदी कांग्रेस की शारदा देवी को मात्र 39 हजार 217 मत प्राप्त हुए। एक अन्य गायत्री देवी को केवल 2141 वोट मिले। कुल 21 उम्मीदवार थे जिनमें गायत्री देवी की जीत हुई और सभी की जमानत जब्त हुई। देश में सर्वाधिक बहुमत से मिली इस सफलता को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए गोविंददेवजी के मंदिर पहुंचा। सिटी पैलेस के बाहर त्रिपोलिया द्वार पर महाराजा मानसिंह ने विजयी जुलूस का स्वागत कर सिक्कों की बौछार की।

### राजपरिवार के 3 सदस्यों को मिली थी जीत

राज परिवार के लिए चुनावी जीत की तिगुनी खुशी थी। सवाई मानसिंह के पुत्र पृथ्वीराज ने दौसा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के नारायण सिंह को 1 लाख 52 हजार 902 वोटों के मुकाबले 89 हजार 696 मतों से पराजित किया। वहीं पुत्र जयसिंह ने मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता गृहमंत्री दामोदर लाल व्यास को हराया। भारतीय राजनीति में 'ब्यूटी विद ब्रेन' के रूप में प्रसिद्ध गायत्री देवी ने 1967 में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के सहयोगी डॉ. कर्नल राजमल कासलीवाल को 60 प्रतिशत एवं 1977 में कांग्रेस प्रत्याशी पी के चंदेरी को 56.09 प्रतिशत वोट लेकर परास्त किया। बाद में वह चुनावी राजनीति के प्रति उदासीन हो गई।

## रिपोर्ट के अनुसार पक्षियों की 67 प्रजातियों के अस्तित्व पर मंडरा रहा संकट

# विलुप्ति की कगार पर गोडावण



शैलेंद्र चौहान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



*गोडावण उड़ने वाले पक्षियों में सबसे अधिक वजनी है। अपने बड़े आकार के कारण यह शुतुरमुर्ग जैसा प्रतीत होता है। 1960 के दशक के प्रारंभ में भारत के लिए राष्ट्रीय पक्षी पर विचार किया जा रहा था और सालिम अली चाहते थे कि वह पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड हो। हालांकि भारतीय मोर के पक्ष में इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। भारत में गोडावण जैसलमेर के मरु उद्यान व अजमेर के शोकलिया क्षेत्र में पाया जाता है। यह जमीन से 20 से 25 फीट ऊंचाई तक अधिकतम एक किमी तक उड़ान भरने की क्षमता रखने वाला शर्मीला पक्षी है। लंबी पतली सफेद गर्दन सिर पर काला क्राउन तथा औसतन 10 किलो वजनी नर गोडावण 120 व मादा 90 सेमी ऊंची होती हैं।*

प्रकृति के साथ मानवीय संपर्क बढ़ाने वाले समस्त साधनों में पक्षी, एक विशेष भूमिका निभाते हैं। ये हर स्थान पर पाए जाते हैं। ये शिकारी होने के साथ-साथ बीज बिखराव करके हमारे जीवन को सुगम बनाते हैं। हाल ही में पक्षियों की लुप्त होती प्रजातियों पर आई एक रिपोर्ट ने चिंता की स्थिति उत्पन्न कर दी है। विश्व रिपोर्ट में भारतीय पक्षियों की 67 प्रजातियों को खतरे की स्थिति में बताया गया था। इनमें 34 प्रजातियां और जुड़ गई हैं। इन्हें तुरन्त संरक्षण की आवश्यकता है। हालांकि कुछ प्रजातियां ऐसी भी हैं, जो वैश्विक स्तर पर कम हो रही हैं, लेकिन भारत में इनकी स्थिति अच्छी है।

भारत में पक्षियों की लगभग 1300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें बहुत सी भिन्नताएं हैं। कुछ खुले में उड़ने वाली हैं, तेज आवाज करती हैं; तो वहीं कुछ शर्मीली किस्म की चिड़िया हैं, जिन्हें ढूंढना या देखना बहुत मुश्किल होता है। इनके आवास अत्यंत विस्तृत क्षेत्र में हैं। कुछ प्रवासी पक्षी हैं, जो आते-जाते रहते हैं। ऐसे में पक्षियों की संख्या का पता लगाना कठिन होता है। पक्षियों से संबंधित अनेक बदलाव देखे गए हैं। इनकी स्थितियों में परिवर्तन के कारणों का पता लगाना, उस दिशा में विकास और संरक्षण की गतिविधियों को आगे बढ़ाना निःसंदेह बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। सफलता इसमें है कि कारणों को जानकर किए जाने वाले प्रयास सटीक हो सकेंगे, और वे लुप्तप्राय या खतरे की स्थिति में आती जा रही प्रजातियों के संरक्षण के लिए सार्थक कदम उठाए जाएं। दुर्लभ पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, गोडावण मानवीय हस्तक्षेप बढने के कारण लुप्त होने के कगार पर है।

गोडावण पक्षी आकार में काफी बड़ा तथा वजन में भारी होता है। यह राजस्थान का राज्य पक्षी है। गोडावण राजस्थान तथा सीमावर्ती पाकिस्तान के क्षेत्रों में पाया जाता है। यह एक दुर्लभतम पक्षी है। यह पक्षी अत्यंत ही शर्मिला होता है और सघन घास में रहना इसका स्वभाव है। यह 'सोहन चिड़िया' तथा 'शर्मिला पक्षी' के उपनामों से भी प्रसिद्ध है। गोडावण उड़ने वाले पक्षियों में सबसे अधिक वजनी है। अपने बड़े आकार के कारण यह शुतुरमुर्ग जैसा प्रतीत होता है। 1960 के दशक के प्रारम्भ में भारत के लिए राष्ट्रीय पक्षी पर विचार किया जा रहा था और सालिम अली चाहते थे कि वह पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड हो। हालांकि भारतीय मोर के पक्ष में इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। भारत में गोडावण जैसलमेर के मरु उद्यान व अजमेर के शोकलिया क्षेत्र में पाया जाता है। यह जमीन से 20 से 25 फीट ऊंचाई तक अधिकतम एक किमी तक उड़ान भरने की क्षमता रखने वाला शर्मीला पक्षी है। लंबी पतली सफेद गर्दन सिर पर काला क्राउन तथा औसतन 10 किलो वजनी नर गोडावण 120 व मादा 90 सेमी ऊंची होती हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की रेड डाटा बुक में शामिल लुप्तप्राय दुर्लभ पक्षी के पैरों में केवल तीन अंगुलियां होने से यह पेड़ों की टहनी पर नहीं बैठ सकता है। भारतीय पक्षियों में सबसे ऊंचा पक्षी गोडावण जमीन पर अंडे देने के कारण सरिसृप का भोजन बनने और पालतू मवेशियों के पैरों तले अंडों के कुचले जाने से भी इनकी संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो पाती। गोडावण भारी होने के कारण उड़ नहीं सकता, लेकिन लंबी और मजबूत टांगों के सहारे बहुत तेजी से दौड़ सकता है।

गोडावण एक सर्वाहारी पक्षी है। इसकी खाद्य आदतों में गेहूं, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों का भक्षण करना शामिल है, किंतु इसका प्रमुख खाद्य टिड्डे आदि कीट है। यह सांप, छिपकली, बिच्छू आदि भी खाता है। इसके साथ ही यह पक्षी बेर के फल भी पसंद करता है। करीब चार दशक पूर्व थार रेगिस्तान में सम, सुदाश्री, फुलिया, म्याजलार, खुड़ी, सत्तो आदि क्षेत्र में गोडावण की संख्या करीब 1260 थी जो घटकर मात्र 40 रह गई है। वर्ष 1979 में अरब देश के शाह बदर की ओर से जैसलमेर में गोडावण शिकार की घटना के बाद गोडावण पक्षी विश्व भर में चर्चा का विषय बना था। गोडावण का अस्तित्व वर्तमान में खतरे में है तथा इनकी बहुत कम संख्या ही बची हुई है, अर्थात् यह प्रजाति विलुप्ति की कगार पर है।

गत दिनों में राज्य सरकार ने गोडावण संरक्षण के लिए 12 करोड़ 90 लाख की पांच वर्षीय परियोजना आरंभ की है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी मुंबई के निदेशक डॉ. ए रहमानी व बीकानेर जोधपुर जंतुआलय के अधीक्षक रहे वाईडी सिंह ने गोडावण संरक्षण के लिए लंबे अर्से तक प्रयास किया। राष्ट्रीय मरु उद्यान (डेज़र्ट नेशनल पार्क)3162 वर्ग किमी. में फैले इस अभयारण्य में बाड़मेर के 53 और जैसलमेर के 35 गांव शामिल हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह राजस्थान का सबसे बड़ा अभयारण्य है। इसकी स्थापना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अर्न्तगत वर्ष 1980-81 में की गई थी। राजस्थान में सर्वाधिक संख्या में गोडावण पक्षी इसी उद्यान में पाए जाते हैं। इसलिए इस अभयारण्य क्षेत्र को गोडावण की शरणस्थली भी कहा जाता है। राष्ट्रीय मरु उद्यान में पिछले चार दशक से गोडावण की संख्या में निरन्तर कमी के चलते अब इनकी संख्या घटकर 40 तक जा पहुंची है। देश भर में गोडावण की प्रमुख आश्रय स्थली माने जाने वाला राष्ट्रीय मरु उद्यान बाड़मेर जैसलमेर के क्षेत्र में बढ़ता जैविक दबाव और मानवीय हलचल से गोडावण के भोजन का प्रमुख आधार भी निरंतर समाप्त हो रहा है।

*खासतौर पर गोडावण की हलचल व आवागमन पर सैटेलाइट निगरानी के लिए ये टैग लगाए जा रहे हैं। ज्ञात रहे राज्य पक्षी गोडावण शर्मीले स्वभाव का पक्षी है। आसपास किसी की भनक लगने पर वह अपनी जगह बदल लेता है। सैटेलाइट के माध्यम से सर्दी के मौसम में गोडावण किस इलाके में ज्यादा रहते हैं और वहीं बाकी के मौसम में उनका आवागमन कहां रहता है तथा खास तौर पर ब्रीडिंग टाइम में किस क्षेत्र में जाते हैं ताकि इस दौरान गोडावण को पुख्ता सुरक्षा मुहैया करवाई जा सके।*

राजस्थान सरकार के वन विभाग ने गोडावण की रक्षार्थ 'गोडावण संरक्षण प्रोजेक्ट' की शुरूआत भी की है, जिससे इस पक्षी को लुप्त होने से बचाया जा सके और इसकी संख्या भी बढ़ सके। इस विशाल पक्षी को बचाने के लिए राजस्थान सरकार ने हाल ही में एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट का विज्ञापन "मेरी उड़ान न रोकें" जैसे मार्मिक वाक्यांश से किया गया है। गोडावण को बचाने का यह प्रोजेक्ट है- 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड'। गोडावण की रक्षा और संरक्षण के लिए इस प्रोजेक्ट के रूप में कार्य आरंभ करने वाला राजस्थान पहला राज्य बन चुका है। गोडावण की हलचल व आवागमन पर नज़र रखने के लिए गोडावण कंजर्वेशन ब्रीडिंग प्रोग्राम के तहत वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की ओर से उन पर सेटेलाइट टैग लगाए जा रहे है। अब तक आठ मादा गोडावण के टैग लगाए जा चुके है। शुरुआती पायलट प्रोजेक्ट के तहत दस गोडावण पर यह टैग लगाए जाने हैं।

यदि यह योजना सफल रहती है तो आगामी दिनों में राष्ट्रीय मरू उद्यान इलाके सहित आस पास के क्षेत्र में जितने भी गोडावण हैं उन पर सेटेलाइट टैग लगाए जाएंगे। वर्तमान में आठ मादा गोडावण के टैग लगाए जा चुके हैं। कामयाबी मिलने पर आगामी दिनों में ज्यादातर गोडावण पर टैग लगा दिए जाएंगे। खासतौर पर गोडावण की हलचल व आवागमन पर सेटेलाइट निगरानी के लिए ये टैग लगाए जा रहे हैं। ज्ञात रहे राज्य पक्षी गोडावण शर्मीले स्वभाव का पक्षी है। आसपास किसी की भनक लगने पर वह अपनी जगह बदल लेता है। सेटेलाइट के माध्यम से सर्दी के मौसम में गोडावण किस इलाके में ज्यादा रहते है और वहीं बाकी के मौसम में उनका आवागमन कहां रहता है तथा खास तौर पर ब्रीडिंग टाइम में किस क्षेत्र में जाते है ताकि इस दौरान गोडावण को पुख्ता सुरक्षा मुहैया करवाई जा सके। गोडावण संरक्षण के लिए ये अब तक का सबसे सफल प्रयास कहा जा सकता है। इससे पूर्व इनके लिए ब्रीडिंग सेंटर तैयार किया गया था। बाद में वहां गोडावण के अंडों को ले जाकर वहीं पर चूजों को बड़ा किया जा रहा है। वर्तमान में अट्ठारह के करीब नन्हे गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में पल रहे हैं। इसी प्रोग्राम के तहत अब गोडावण पर सेटेलाइट टैग भी लगाए जा रहे हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

## मौसमी भैया जी...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा
व्यंग्यकार

चुनावी दिनों में सड़के चलने फिरने के लिए निषिद्ध हो जाती हैं। परोक्ष रूप से या फिर प्रत्यक्ष रूप से कह लें जुलूस मार्ग घोषित हो जाती हैं। जिस सड़क को हाल ही में राष्ट्रिय समझदारी की उम्मीद के साथ झाड़ कर साफ किया गया था उस पर पूरे परंपरागत तामझाम के साथ एक जुलूस निकल रहा है। वैसे घोषित यह है कि प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है लेकिन इरादों के अनुसार मौसमी भैया जी का शक्ति प्रदर्शन है।

हालांकि उनके पास कितनी शक्ति है इस विषय पर विशेषज्ञों और जानकारों में काफी मतभेद है। मान्यता यह है कि प्रदर्शन जोरदार हो तो शक्ति भी जोरदार मानी जाएगी। इसका मतलब यह है कि प्रदर्शन ही शक्ति है। मौसमी भैया जी प्रदर्शन का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं, बल्कि मौके को आने में देर हो तो पकड़ कर घसीट लाते हैं। ऐसा ही घसीटा जा रहा मौका इस समय उनका रुतबा बढ़ा रहा है। इस समय मौसमी भैया जी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जुलूस में तमाम महिलाएं शामिल हैं और सबने एक जैसी साड़ी पहन रखी है। पुरुष, यानी जिनका युवापा अब जाता रहा, पीले कुर्ते में हैं। युवाओं ने, जिनमें ज्यादातर बारह तेरह साल से सत्रह अठारह साल के हैं लाल टी-शर्ट पहने हुए हैं। चर्चा है कि जोरदार तरीके से नारे लगाए तो शाम को दो-दो सौ रुपए और मिलेंगे सबको। इसी का असर है कि लगता है हृदय-सम्राटी का माहौल बन गया है। हर हजार बारह सौ फुट की दूरी पर स्वागत-मंच बने हुए हैं, जिस पर मौसमी भैया जी के पट्ठे दो क्विंटल फूलों के साथ तैनात हैं। सारा मार्ग बड़े बड़े पोस्टरों से अंटा पड़ा है। सबमें जीवित और दिवंगत राष्ट्रिय नेता मौसमी भैया जी के साथ उनका समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। मंचों पर उनके पोस्टरों का जलवा अलग है। इनमें मौसमी भैया जी सीना ताने, मुक्का बांधे, मां-भैन एक कर देने की मुद्रा में मौजूद हैं।

ये खासतौर पर उनके विरोधियों के लिए हैं जो कल अखबार में उनकी फोटो देखने वाले हैं। प्रतिमा के आसपास की भीड़ भगवान की जै-जै कर रही है ताकि उन्हें भ्रम बना रहे, शेष मौसमी भैया जी की जै-जै कर रहे हैं कि उन्हें भी भ्रम बना रहे। उन्होंने एक युवा-सेना भी बना रखी है जो इस वक्त लाल टी-शर्ट में दिखाई दे रही है। वे सबसे आगे नारे लगाते चल रहे हैं कि जो मौसमी भैया जी से टकराएगा, उसका ऐसा-वैसा हो जाएगा।

यह भी कि जब तक सूरज चांद रहेगा, उससे ज्यादा मौसमी भैया जी का मंगल रहेगा। जिस भी मंच के सामने से जुलूस गुजर रहा है फूलों की बरसात हो रही है। पट्ठे फूल मालाएं मौसमी भैया जी के गले में ठूंसे जा रहे हैं और वे बराबर गधे की तरह लदे-फंदे से नजर आ रहे हैं, लेकिन मजे की बात यह है कि उन्हें मजा आ रहा है, वे छा रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि यदि कहीं स्वर्ग है तो बस यहीं है, यहीं है। वे फूले तो पहले से ही थे अब समा भी नहीं रहे हैं। कल से वे सोए नहीं हैं लेकिन चेहरे सुस्ती नहीं है। सारा माहौल उनके पक्ष में फुदक रहा है। प्रतिमा अगर प्रतिक्रिया दे पाती तो पता चलता कि वह कितनी खिन्न और लाचार है। उसे लग रहा है कि शक्ति भगवान में नहीं मौसमी भैया जी में है और वे प्रतिमा को अपराधी की तरह बांधे सजा देने के लिए जा रहे हैं। जुलूस के पीछे बहुत कुछ छूट रहा है। फूल जो मौसमी भैया जी के चरणों में फेंके गए थे, अब भीड़ द्वारा रौंदे जाने के कारण गन्दगी की श्रेणी में थे। पूरे रास्ते पर पानी के खाली पाउच और इसी तरह का बहुत सा कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा था। इससे ज्यादा कचरा पोस्टरों के रूप में उपर टंगा हुआ था।

नारे लिखी हुई दीवारे भी शिकायत करती नज़र आ रही थी। लोगों के मन में बहुत कुछ भरा है लेकिन निकल कुछ नहीं रहा है, मुंह सबके एयर टाइट हैं। वहीं कहीं एक वैद्यराज अपने रोगी से बोल रहे थे कि बीमारी तब तक खत्म नहीं होती जब तक कि उसकी जड़ को खत्म नहीं किया जाए।

### X



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
जय जय श्री हनुमान।
अव्वल बने राजस्थान।।



**अमिताभ बच्चन,** अभिनेता
@SrBacchan
अच्छा, चलो चलते हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
द्वैत के बिना सृष्टि संभव नहीं होगी। संपूर्ण ब्रह्मांडीय गतिविधि के लिए दो की उपस्थिति की आवश्यकता होती है - शिव-शक्ति।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु (लेखक)
@Srisri
मध्य पूर्व में मानवीय संकट के कारण निर्दोष लोगों की पीड़ा भयावह है। हमें संयम रखना होगा और हिंसा के चक्र को तोड़ना होगा।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
सर्वोत्तम चीजें 'पाना' ठीक है! ऐसा करते हुए, आइए अच्छे से 'जीना' न भूलें। आइए हमेशा इस बात से अवगत रहें कि 'उपलब्ध' चीजें हमारी 'जीवनशैली' को आसान और आरामदायक बनाकर बेहतर बना सकती हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: ओडिया शासक अनंग भीम देव ने 1197 में दिया था मंदिर का वर्तमान रूप

# आस्था का प्रमुख केंद्र जगन्नाथपुरी मंदिर

भारत में हजारों ऐसे मंदिर हैं जिनके बनने से लेकर उनके अस्तित्व और तथ्यों से हजारों साल बाद भी अनभिज्ञ हैं। ऐसे कई मन्दिर हैं जिसमें उनकी रोचक घटनाक्रमों के सामने विज्ञान भी फेल होता नजर आता है। भारत में अधिकतर लोग सनातन संस्कृति के उपासक होने से उनकी मान्यता और भी ज्यादा बढ़ जाती है। भारत में कई ऐसे मंदिर हैं जिनकी महिमा और उनसे जुड़े चमत्कार देश के साथ-साथ दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। ऐसे मंदिरों में हर दिन हजारों लोग दर्शन करने आते हैं। आइए आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं भारत के प्रसिद्ध मंदिर और हिन्दुओं की आस्था के प्रमुख केंद्रों में गिने जाने वाले जगन्नाथ पुरी मंदिर के बारे में...

### वैष्णव संप्रदाय का है पुरी मंदिर

पुरी का श्री जगन्नाथ मंदिर एक हिंदू मंदिर है, जो भगवान जगन्नाथ (श्रीकृष्ण) को समर्पित है। यह भारत के ओडिशा राज्य के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित है। जगन्नाथ शब्द का अर्थ जगत के स्वामी होता है। इनकी नगरी ही जगन्नाथपुरी या पुरी कहलाती है। पूरी मंदिर को हिंदुओं के चार धाम में से एक गिना जाता है। यह वैष्णव संप्रदाय का मंदिर है, जो भगवान विष्णु के अवतार कृष्ण को समर्पित है। इस मंदिर का वार्षिक रथ यात्रा उत्सव प्रसिद्ध है। इसमें मंदिर के तीनों



मुख्य देवता, भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भ्राता बलभद्र और भगिनी सुभद्रा तीनों, तीन अलग-अलग भव्य और सुसज्जित रथों में विराजमान होकर नगर की यात्रा को निकलते हैं। वर्तमान मंदिर के निर्माण कार्य को कलिंग राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव ने आरंभ कराया था। मंदिर के जगमोहन और विमान भाग इनके शासन काल में बने थे।

### अष्टधातु का सुदर्शन चक्र

मंदिर का निर्माण कलिंग शैली के स्थापत्य कला से किया गया था। मंदिर का वृहत क्षेत्र 400,000 वर्ग फुट में फैला हुआ हैं। मुख्य मंदिर वक्र रेखीय आकार का है, जिसके शिखर पर विष्णु का सुदर्शन चक्र रखा हुआ हैं। इसे नीलचक्र भी कहते हैं। चक्र अष्टधातु से बनाया हुआ हैं। मंदिर का मुख्य ढांचा एक 214 फीट ऊंचे पत्थर से चबूतरे पर बना है। इसके अंदर आंतरिक गर्भगृह में मुख्य देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। यह भाग इसे घेरे हुए अन्य भागों की अपेक्षा अधिक वर्चस्व वाला है। इससे लगे घेरदार मंदिर की पिरामिडाकार छत पर लगे हुए मंडप, अट्टालिका रूपी मुख्य मंदिर के निकट होते हुए ऊंचे होते गए हैं। मुख्य भवन एक 20 फीट ऊंची दीवार से घिरा हुआ है और दूसरी दीवार मुख्य मंदिर को घेरती है।

**मंदिर के रोचक तथ्य**

*मंदिर के ऊपर आठ धातुओं से बने नीलचक्र से इसके ऊपर से उड़ने वाले हवाई जहाजों के संचार में रुकावट पैदा होती है इसलिए विमान मंदिर के ऊपर से उड़ने से बचते हैं। वहीं चक्र लगभग 20 फीट ऊंचा है और इसका वजन एक टन है। इस चक्र को किसी भी जगह से देखने पर आपको ये हर जगह समान दिखेगा।*

कंटेंट: श्रवण भाटी





**छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव: पहले चरण के लिए नामांकन की अवधि समाप्त, चुनावी घमासान हुआ तेज**

# कांग्रेस में रहना है तो आलाकमान के फैसले को मनाना होगा: सिंहदेव

**एजेंसी** | रायपुर/बलरामपुर

छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन शुक्रवार को समाप्त हो गया। इस बीच, राज्य में चुनावी घमासान भी तेज हो गया है। कांग्रेस प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के बाद राज्य में कई जगह हो रहे प्रदर्शनों पर उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कड़े तेवर दिखाए हैं।

उन्होंने इशारों ही इशारों में विधायक बृहस्पत सिंह पर सियासी प्रहार किया है। उन्होंने बगैर नाम लिए बृहस्पत सिंह को नसीहत देते हुए कहा कि पार्टी में जिनकी जुड़े रहने की भावना है, उन्हें पार्टी आलाकमान का निर्णय मानना चाहिए। व्यक्तिगत बातें अलग होती हैं। जहां मैं की बात होगी, वहां पार्टी की बात नहीं रह जाती। बता दें कि बृहस्पत सिंह को टीएस सिंहदेव का विरोधी नेता माना जाता है। इस बार उनका टिकट काट दिया गया है। दरअसल, सिंहदेव शुक्रवार को अल्प प्रवास के दौरान रामानुजगंज पहुंचे थे। सिंहदेव बलरामपुर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता के निधन के बाद उनके परिजनों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि दो दिन की तैयारी से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है। विधानसभा चुनाव होने के बाद अगले चुनाव की तैयारी शुरू हो जाती है। इस दौरान उन्होंने मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रदेश में अब तक 7 सीटों पर प्रत्याशियों के चयन नहीं किया है। बचे सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर मंथन जारी है। कांग्रेस से जुड़े रहने के लिए कांग्रेस का निर्णय स्वीकार करना होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने अभी तक मौजूदा 18 विधायकों के टिकट काट दिए हैं। जिसके बाद विरोध तेज हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि प्रत्याशी चयन के लिए कई दौर के सर्वे रिपोर्ट का सहारा लिया गया है।



### जोगी कांग्रेस के 16 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

वहीं जोगी कांग्रेस (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जे)ने शुक्रवार को प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। इसमें पार्टी ने पहले चरण की 20 में से 16 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए कांग्रेस अभी तक 83 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है जबकि भाजपा ने अब तक 86 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। कांग्रेस की पहली सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नाम शामिल थे। जिन चार सीटों पर अभी भाजपा की ओर से उमीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया गया है, उनमें बेमेतरा, बेलतार, कसडोल और अंबिकापुर शीट शामिल हैं। राज्य में पहले चरण में 7 नवंबर को 20 सीटों पर मतदान होगा। शेष 70 सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा।

### अनुराग ठाकुर ने बघेल सरकार पर साधा निशाना



बीजापुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने शुक्रवार को बीजापुर पहुंचे केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने भूपेश बघेल सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश सरकार के मंत्री और विधायकों ने गरीबों का चावल तक खा लिया। भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन जमा किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली यह रैली भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक निकाली गई। रैली की शक्ल में अनुराग ठाकुर व महेश गागड़ा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

### आप के स्टार प्रचारकों की सूची में केजरीवाल व मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। स्टार प्रचारकों की सूची में 37 नेताओं के नाम है। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी चुनाव प्रचार करेंगें। इसके साथ ही पंजाब के सीएम भगवंत मान भी स्टार प्रचारक के रूप शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, गोपाल राय, राघव चड्ढा, हरभजन सिंह और आतिशी भी स्टार प्रचारकों की सूची में हैं।

### जायसवाल व दीपक बैज ने किया नामांकन दाखिल



**जगदलपुर।** नक्सली गतिविधियों से प्रभावित छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले की दो प्रमुख हॉट सीट से शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जगदलपुर से पार्टी के प्रत्याशी जतिन जायसवाल और चित्रकोट सीट से प्रत्याशी दीपक बैज ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में नामांकन रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन जमा किया। इस दौरान पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सप्तगिरीशंकर उल्का, जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, विधायक रेखचंद जैन और राजीव शर्मा मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले में राज्य में प्रथम चरण में 7 नवंबर को मतदान होगा।

**तेलंगाना के दौरे में राहुल गांधी का BJP, BRS पर सियासी हमला**

# भाजपा नेताओं की लाइन लगी हम किसी को लेंगे नहीं: राहुल

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तेलंगाना के अपने तीन दिवसीय चुनावी दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को कांग्रेस की विजयभेरी यात्रा में हिस्सा लिया और जनसभाओं को संबोधित किया।

जगतियाल में लोगों संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं भाजपा के खिलाफ लड़ता हूं। इसलिए मेरे खिलाफ 24-25 मामले हैं। मेरी लोकसभा सदस्यता भी निलंबित कर दी गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि आज भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल होने के लिए कतार में खड़े हैं। लेकिन हम उन्हें नहीं चाहते। राहुल ने किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने, भारत राष्ट्र समिति, भाजपा और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) की कथित सांठगांठ और राज्य के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) जैसे अलग-अलग मुद्दे उठाए और प्रदेश सरकार व भाजपा पर तीखा प्रहार किया। राहुल ने लोगों में तेलंगाना भावना को जागृत करते हुए कहा कि उनकी मां और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ही थीं, जिन्होंने नए राज्य का निर्माण कराया था। यदि उनकी मां ने इसका समर्थन नहीं किया होता, तो यह नया दक्षिणी राज्य नहीं बन पाता। उन्होंने कहा कि यहां (तेलंगाना में) लड़ाई कांग्रेस और बीआरएस के बीच है। पहले भाजपा नेता यहां बॉलीवुड हीरो की तरह घूमते थे। उन्हें पता भी नहीं चला कि उनकी गाड़ी के चारों पहिये कब निकल गए।



### बस स्टॉप पर बनाया डोसा

जगतियाल जाते समय राहुल एनएसी बस स्टॉप पर थोड़ी देर के लिए रुके। यहां उन्होंने एक टिफिन गाड़ी में डोसा बनाया। इसके बाद राहुल जगतियाल के लिए रवाना हो गए।

### BRS, BJP और AIMIM मिले हुए हैं: राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि जहां भी हम चुनाव लड़ते हैं महाराष्ट्र हो, राजस्थान हो या असम हो वहां पर भाजपा की मदद करने के लिए एआईएमआईएम अपने उम्मीदवार खड़े कर देती है। भाइयों और बहनों ये तीनों बीआरएस, भाजपा और एआईएमआईएम मिले हुए हैं।

### किसानों से किया एमएसपी का वादा

राहुल ने एक चुनावी रैली में कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आई तो हल्दी किसानों को 12,000 रुपए से 15,000 रुपए प्रति क्विंटल दाम मिलेगा। तेलंगाना में किसानों को उनकी किसी भी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से प्रति क्विंटल 500 रुपये अधिक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस क्षेत्र में चीनी मिलों को भी पुनर्जीवित करेगी।

### कराएंगे जातिगत जनगणना

गांधी ने एक बार फिर कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह तेलंगाना सहित पूरे देश में जातिगत जनगणना कराएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन शासन द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक न करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आने के बाद पिछले आंकड़े जारी करेगी और नई जाति-आधारित जनगणना भी कराएगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर पार्टी तेलंगाना में भी जातिगत जनगणना कराएगी।

**विजयन ने देवेगौड़ा के दावे पर जताई हैरानी**

# 'संघ परिवार के खिलाफ लड़ाई में माकपा अडिग'





**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने जनतादल (एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के उस बयान पर हैरानी जताई है कि केरल की वामपंथी सरकार के मुख्यमंत्री ने कर्नाटक में जद(एस)और भाजपा के बीच संभावित गठबंधन का समर्थन किया था।

सीएम विजयन ने शुक्रवार अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं एचडी देवेगौड़ा के हालिया बयान से बिल्कुल चकित हूं! केवल यह धारणा कि मैं जेडीएस-बीजेपी गठबंधन को समर्थन देने की धारणा पर भी विचार करूंगा, एक भ्रामक कल्पना से कम नहीं है। देवेगौड़ा जैसे अनुभवी राजनेता के लिए इस तरह के निराधार झूठ बोलना पूरी तरह से शर्मनाक है।

संघ परिवार के खिलाफ लड़ाई में माकपा एक अटूट और अडिग ताकत रही है। हमारे रुख में अस्पष्टता के लिए कोई जगह नहीं है। उल्लेखनीय है कि देवेगौड़ा ने गुरुवार को एक बयान में कहा था,केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने पार्टी को बचाने के लिए कर्नाटक में भाजपा के साथ आगे बढ़ने के लिए पूर्ण सहमति दे दी है।

**आचार संहिता की पालना पर कड़ी नजर**

# मुख्यमंत्री की सभा से पहले जब्त की साड़ियां

**एजेंसी** | विदिशा

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता के पालन में प्रशासन अपनी नजरें पार्टियों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर बनाए हुए है। गुरुवार देर रात प्रशासन ने वहीं, सिरोंज विधानसभा क्षेत्र देर रात सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के लटेरी में भाजपा की सभा से पहले साड़ियां जब्त की।

प्रशासन को सूचना मिली थी कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए साड़ियां बांटने का सिलसिला शुरू किया। इसके बाद लटेरी का स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और बड़ी मात्रा में साड़ियां जब्त की है। इस सभा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संबोधित करने वाले थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,कुछ लोग लटेरी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को साड़ियां बांट रहे थे और लोगों से कार्यक्रम में आने की अपील कर रहे थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने स्थानीय प्रशासन को इस बात की सूचना दे दी।

**कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच बढ़ती जा रही है जुबानी जंग**

# कमलनाथ बोले- 'अरे छोड़ो अखिलेश-वक्लेश' को

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जुबानी जंग बढ़ती जा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सियासी प्रहार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शुक्रवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान जवाबी प्रहार करते हुए यहां तक कह दिया कि 'अरे छोड़ो अखिलेश -वक्लेश' को। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिख रहा है। हम उम्मीद से ज्यादा सीटों जीतेंगे। कमलनाथ और अखिलेश की इस जुबानी जंग के बीच कांग्रेस आलाकमान डैमेज कंट्रोल के लिए सक्रिय हो गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा है कि अखिलेश यादव की नाराजगी दूर की जाएगी।



### हमारी रणनीति पीडीए: अखिलेश

अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में कहा, हमारा गठबंधन इंडिया' जरूर है, लेकिन हमारी रणनीति पीडीए (पिछड़े,दलित, आदिवासी) है। पीडीए ही राजग को हराएगा। ये बात इंडिया गठबंधन को साफ कर देनी चाहिए थी कि प्रदेश स्तर पर कोई समझौता नहीं होगा।

### यूं शुरू हुआ सियासी घमासान

अखिलेश ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के चुनाव को लेकर कांग्रेस पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने दो टूक कहा था कि कांग्रेस अपने 'चिरकुट' नेताओं से सपा के लिए बयानबाजी न करवाएं। अखिलेश ने साथ ही कांग्रेस को धोखेबाज बताते हुए कहा कि अगर उन्हें पता होता इंडिया गठबंधन विधानसभा (मध्य प्रदेश) स्तर पर नहीं है तो वह कांग्रेस से बात ही नहीं करते। अखिलेश का यह बयान उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बयान के विरोध में आया था। अजय ने कहा था कि मध्य प्रदेश में सपा की कोई हैसियत नहीं है।

### पहले हुई थी छह सीटों पर समर्थन की बात

अखिलेश ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन की बैठक में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने रात-रात भर वार्ता की थी। उन्होंने 6 सीटों पर सपा प्रत्याशियों का समर्थन की बात कही थी, लेकिन सपा को एक भी सीट नहीं दी, इसलिए हमने वहां अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी।

**मध्य प्रदेश की चुनाव डायरी**

# कांग्रेस ने बदली सियासी चाल, BJP के दिग्गजों को घेरने की बनाई रणनीति

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को प्रस्तावित चुनाव के लिए नामांकन शनिवार से शुरू हो जाएंगे, लेकिन अभी तक हर क्षेत्रवार तस्वीर साफ नहीं हुई है।

दोनों पार्टियां भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे के दिग्गज नेताओं को घेरने की रणनीति में जुटी हैं। कांग्रेस ने गुरुवार देर रात घोषित अपनी 85 प्रत्याशियों की सूची में पूर्व में घोषित तीन प्रत्याशियों को बदलकर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर समेत भाजपा के तीन दिग्गजों को घेरने के लिए नए उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। कांग्रेस ने भाजपा से आए चार नेताओं को भी टिकट दिया है। इसमें रीवा जिले के अभय मिश्रा ने तो एक दिन पहले ही बीजेपी छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था। दूसरी ओर भाजपा अपने शेष 94 प्रत्याशियों की घोषणा के लिए देखो और इंतजार करो की नीति अपना रही है। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने हर एक सीट के लिए रणनीति तैयार की है और उसी वजह से यह देरी हो रही है।

कांग्रेस अब तक कुल 229 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। इनमें 20 महिला प्रत्याशी हैं। अब पार्टी को केवल एक सीट पर उम्मीदवार का नाम घोषित करना शेष है। कांग्रेस को सिर्फ आमला सीट पर प्रत्याशी घोषित करना है। समझा जाता है कि पार्टी वहां से नौकरी से इस्तीफा दे चुकी डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे को मैदान में उतारना चाहती है। दूसरी ओर भाजपा ने अभी तक 136 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि भाजपा की पांचवीं सूची में सर्वे रिपोर्ट के अनुसार करीब दो दर्जन विधायकों और चार से पांच मंत्रियों के टिकट खतरे में है।



### केंद्रीय मंत्री तोमर के सामने रविंद्र सिंह तोमर

पार्टी ने बुंदेलखंड के दो बड़े नेताओं के खिलाफ महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वहीं, मऊ जिले के देवतालाब विधानसभा सीट पर लड़ाई चाचा और भतीजे के बीच है। इसके साथ ही प्रदेश की हॉट सीटों में से एक दिमनी की लड़ाई अब तोमर बनाम तोमर हो गई है। यहां से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भाजपा के प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ रविंद्र सिंह तोमर को उम्मीदवार बनाया है। वह मुरैना से कांग्रेस के विधायक हैं। दिमनी विधानसभा में राजपूत मतदाता ही निर्णायक हैं। ऐसे में कांग्रेस ने यहां जाति कार्ड खेला है।



### कांग्रेस की दूसरी सूची में सियासी समीकरण बदलने की कोशिश

कांग्रेस ने दूसरी सूची में पूर्व में घोषित तीन प्रत्याशियों के नामों को बदलकर सियासी समीकरण बदलने की कोशिश की है। पार्टी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रजापति को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में इस सीट पर शेखर चौधरी को टिकट दिया गया था। इसके अलावा पार्टी ने शिवपुरी जिले की पिछोरे विधानसभा सीट पर अरविंद सिंह लोधी का नाम काटकर शैलेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है, वहीं दतिया विधानसभा सीट पर अवधेश नायक का टिकट काटकर उनकी जगह राजेंद्र भारती को चुनावी मैदान में उतर गया है। भारती भाजपा प्रत्याशी और राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ ताल ठोकेंगे। दतिया मिश्र का अभेद किला माना जाता है। प्रजापति के मैदान में आने से यह मुकाबला अब दिलचस्प हो गया है। अवधेश की उम्मीदवारी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। समझा जाता है कि उसके बाद ही कांग्रेस नेतृत्व को उम्मीदवार बदलना पड़ा है।

### देवतालाब में चाचा-भतीजा आमने सामने

वहीं मऊ जिले के देवतालाब विधानसभा सीट से भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने इस सीट से उनके भतीजे पद्मेश गौतम को टिकट दिया है। पद्मेश गौतम जिला पंचायत चुनाव में गिरीश गौतम के बेटे को हरा चुके हैं। वहीं, प्रदेश के उर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ग्वालियर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं। वह अपने कामों की वजह से चर्चा में रहते हैं। प्रद्युमन सिंह तोमर के खिलाफ कांग्रेस ने सुशील शर्मा को टिकट दिया है। नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह की गिनती मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के करीबियों में होती है। यह खुरई विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ रक्षा राजपूत को मैदान में उतारा है। रहली सीट से प्रदेश के कद्दावर मंत्री गोपाल भार्गव चुनाव लड़ते हैं। वह आठ बार के विधायक हैं।

## जरूरी खबर

### भारतीय युवक को हर महीने मिलेंगे 5.5 लाख रुपए



**दुबई।** यहां काम करने वाले एक भारतीय युवक की यूएई में बड़ी लॉटरी हाथ लगी है। फास्ट-5 का पहला विजेता बनने के बाद इस युवक को अगले 25 वर्षों तक हर महीने कम से कम 5.5 लाख रुपए मिलेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में विजेताओं के नामों की घोषणा की, इसमें उत्तर प्रदेश के मोहम्मद आदिल खान ने फास्ट 5 ड्रा का मेगा पुरस्कार जीत लिया है। अब उसे 25 साल तक प्रति माह 25,000 दिरहम (5,59,822 रुपए) मिलेंगे। लॉटरी लगने पर आदिल खान काफी खुश हैं।

### पवार ने फिलिस्तीन को मदद पर की मोदी की तारीफ

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की आलोचना करने वाले भाजपा नेता राजा से भी अधिक वफादार हैं। फिलिस्तीनियों को सहायता पर प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हुए पवार ने कहा कि भारत का मानवीय मदद भेजना जारी रखने का फैसला पूर्व प्रधानमंत्रियों के रूख के मुताबिक है। शुक्रवार को पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत ने लंबे समय से चले आ रहे विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। समाधान ऐसा हो जहां इजराइल और फिलिस्तीन पड़ोसी के रूप में शांति से रह सकते हैं।

### सैन्य कमांडरों ने सैन्य तैयारियों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में उभरते खतरों और चुनौतियों के मद्देनजर सैन्य बल को भविष्य के लिए तैयार रखने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष से प्रासंगिक सबक लेने के लिए पांच दिवसीय सम्मेलन में विचार-विमर्श किया गया। 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक हुए सम्मेलन में चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति और किसी भी आकस्मिक हालात से निपटने के लिए सेना की अभियानगत तैयारी को बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सिक्किम में हाल में आई बाढ़ के मद्देनजर ऐसी स्थितियों से निपटने को लेकर भी चर्चा की गई। सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व देश के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने संबोधित किया।

### पीएम के स्वागत में उमड़े लोग



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद पहुंचने पर लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।*

### चीन की भारत के प्रति आक्रामकता है जारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की आक्रामकता बढ़ रही है। उसने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर अपनी स्पेशल फोर्स भी तैनात किया है। इसके साथ ही वह अपने परमाणु भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है। अमेरिका ने अपनी एक नए सैन्य रिपोर्ट मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इनवॉल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में यह बात कही है।

भारत-चीन तनाव को रेखांकित करते हुए अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा है कि दोनों पड़ोसियों के बीच बातचीत में काफी कम प्रगति हुई है क्योंकि दोनों पक्षों ने सीमा पर एक दूसरे का लगातार विरोध किया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया, चीन ने एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र में रिजर्व में चार संयुक्त हथियार ब्रिगेड के साथ झिंजियांग और तिब्बत सैन्य जिलों के दो डिवीजनों द्वारा समर्थित एक सीमा रेजिमेंट तैनात की है। चीन ने अन्य थिएटर कमांड से पूर्वी क्षेत्र में तीन हल्के से मध्यम सीएबी और एलएसी के मध्य क्षेत्र में अतिरिक्त तीन सीएबी भी तैनात किए हैं।

## आरआरटीएस: पीएम मोदी ने नमो भारत को दिखाई हरी झंडी

# वह दिन दूर नहीं, जब हम अपने यान से चंद्रमा पर कदम रखेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' का पहला चरण दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के क्षेत्रों को जोड़ेगा। इसके साथ ही पीएम ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है और वह दिन दूर नहीं, जब एक भारतीय स्वदेश निर्मित अंतरिक्षयान से चांद पर कदम रखेगा।

पीएम ने यहां 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) के 17 किमी लंबे खंड पर पहली 'नमो भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगले 12-18 महीने में जब यह परियोजना (RRTS) पूरी हो जाएगी, तब भी वह लोगों की सेवा में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि भारत की पहली 'रैपिड' रेल सेवा 'नमो भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई है।

### ■ 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' का पहला चरण राजस्थान को भी जोड़ेगा




#### एशियाई खेलों में 100 से अधिक पदक जीते

पीएम मोदी ने आज के भारत ने एशियाई खेलों में 100 से अधिक पदक जीते हैं। आज के भारत ने अपने दम पर 5जी सेवा शुरू की और इसे देश के कोने-कोने में पहुंचाया है। आज का भारत विश्व में सर्वाधिक डिजिटल लेन-देन कर रहा। 'नमो भारत' ट्रेन भी भारत में निर्मित है।'

#### दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर कॉरिडोर है प्राथमिकता में शामिल

पीएम मोदी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए कुल आठ आरआरटीएस कॉरिडोर चिह्नित किये गये हैं। इनमें से तीन कॉरिडोर को पहले चरण में क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकता दी गई है। ये दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर, दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर कॉरिडोर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर हैं। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस के पूरे 82.15 किलोमीटर लंबे मार्ग पर जून 2025 तक परिचालन शुरू होने का लक्ष्य है। PM मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के दो मार्गों का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का 'गगनयान' भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाएगा और देश अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की भी योजना बना रहा। हमने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 2040 तक का एक मजबूत खाका तैयार किया है।

## कारोबारी ने सौंपा शपथपत्र

# मैं सीबीआई जांच को तैयार: मोइत्रा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के बदले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेने आरोप को लेकर शुक्रवार को वार पलटवार जारी रहा।

लोकसभा की एथिक्स कमेटी के चेयरमैन विनोद सोनकर ने आज माना कि उन्हें रियल एस्टेट से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाले ग्रुप हीरानंदानी के सीईओ दर्शन हीरानंदानी के साइन वाला शपथपत्र मिला है। मैंने 26अक्टूबर को आचार समिति की बैठक बुलाई गई है, जिसमें सांसद निशिकांत दुबे और वकील को बुलाया गया है। इधर मोइत्रा ने एक्स पर कहा, अगर मुझे बुलाया जाता है तो मैं सीबीआई और आचार समिति को सवालों के जवाब देने को तैयार हूं। मेरे पास अडाणी के निर्देशित मीडिया सर्कस ट्रायल या भाजपा के ट्रोल्स को जवाब देने के लिए न तो समय है और न ही दिलचस्पी है। इस पर मोइत्रा ने



#### मोइत्रा का इरादा पीएम मोदी की छवि खराब करना

दर्शन हीरानंदानी ने गुरुवार को हलफनामे में कहा कि मोइत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करने के लिए उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोइत्रा का इरादा पीएम मोदी की छवि को खराब करना था क्योंकि उनकी प्रतिष्ठा के कारण विपक्षी दलों को उन पर हमले का मौका नहीं मिलता। उन्होंने दावा किया मोइत्रा ने महंगी लग्जरी आइटम, यात्रा खर्च, छुट्टियों के अलावा देश और दुनिया में विभिन्न स्थानों पर उनकी यात्राओं के लिए मदद की लगातार मांग की।

पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा का एजेंडा मुझे चुप कराना है।

## एक देश एक चुनाव की तैयारी

# विधि आयोग देगा रोडमैप की जानकारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विधि आयोग एक साथ चुनाव कराने के अपने रोडमैप को अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के साथ साझा करेगा। समिति ने विधि आयोग को 25 अक्टूबर को आमंत्रित किया है, ताकि वह इस बारे में उसकी राय जान सके कि देश में एक साथ चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं। उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक में राजनीतिक दलों की राय जानने का फैसला किया था और अब उन्होंने देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनकी राय जानने के लिए उन्हें पत्र लिखा है। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को भेजे पत्र में उसने 'परस्पर सहमति वाली तारीख' पर उनके साथ बातचीत की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टियों को अगले तीन महीनों में लिखित में अपने विचार भेजने का विकल्प भी दिया गया है। न्यायाधीश रितुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला विधि आयोग कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि ये चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें।

### विध्वंसक जहाज नौसेना में शामिल

**मुंबई।** शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट निर्मित गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर का तीसरा स्टील्थ डिस्ट्रॉयर-'इम्फाल' नौसेना को सौंप दिया गया है ।इम्फाल पोत सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक 'ब्रह्मोस' मिसाइलों और मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'बराक-8' मिसाइलों से लैस है।

### प्रदर्शनी का अवलोकन



*नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को नई दिल्ली में ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाइटी में एक प्रदर्शनी का मुआयना करते हुए।*

## सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए दिशानिर्देश

# सीवर की सफाई के दौरान मौतों पर आश्रितों को दिया जाए मुआवजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। न्यायाधीश एस. रवींद्र भट्ट और न्यायाधीश अरविंद कुमार की पीठ ने सीवर में होने वाली मौतों और मामलों की निगरानी को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए।

कोर्ट ने कहा कि सरकारी अधिकारियों को सीवर सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपए का मुआवजा देना होगा। सीवर सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वाले व्यक्तियों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। फैसला सुनाते हुए



न्यायाधीश भट्ट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य दिव्यांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को 10 लाख रुपए तक का भुगतान करना होगा। पीठ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया।

#### लोकसभा में सरकार ने दी थी यह जानकारी

जुलाई 2022 में लोकसभा में उद्धृत सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष को बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास को उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीके मिश्र की पीठ ने अपने 17 मई के अंतरिम संरक्षण के आदेश को यह कहते हुए अग्रिम जमानत में बदल दिया कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने मई के अपने आदेश में श्रीनिवास को इस मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया था। असम युवा कांग्रेस की अध्यक्ष ने श्रीनिवास के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था।

### राहुल गांधी की सदस्यता बहाली को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिका कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है, क्योंकि याचिकाकर्ता



के किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं किया गया है। शीर्ष अदालत गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने वाली वकील अशोक पांडे की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को राहुल गांधी की मोदी उपनाम पर एक टिप्पणी से संबंधित मामले में उनकी सजा पर रोक लगा लगा दी थी। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की सदस्यता बहाल कर दी थी। कांग्रेस नेता को मार्च 2023 में निचले सदन से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

**सेश सेरेमनी:** ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ राजस्थान सीजन-3 की फाइनलिस्ट आईं सामने

# क्वीन ऑफ राजस्थान के लिए टॉप 30 मॉडल्स के बीच में होगी 'जंग'

**बेधड़क.जयपुर।** मॉडल्स का कॉन्फिडेंस, गेस्ट और फैशन जगत के लोगों को प्रभावित कर गया। हर किसी की आंखों में ताज पहनने का जूनून साफ दिखाई दे रहा था। मौका था मिस व मिसेज कैटेगरी के स्टेट लेवल ब्यूटी कॉन्टेस्ट क्वीन ऑफ राजस्थान की खिताबी जंग शुरू होने का। टाइटल के लिए पूरे राजस्थान से करीब 1000 से अधिक गर्ल्स व वुमेंस ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सभी ने अलग-अलग ऑडिशन व टैलेंट राउंड्स में अपने टैलेंट व स्किल्स के जरिए अपने लुक को आजमाया। इनमें से मिस व मिसेज दोनों कैटेगरी को मिलाकर टॉप 30 कैंडिडेट्स को फाइनल राउंड के लिए सलेक्ट किया गया।



फोटो: पंकज शर्मा

### सेश पहनकर हुईं उत्साहित

कल्याण एंड संस प्रोडक्शन की ओर से आयोजित हो रहे मिस व मिसेज कैटेगरी के स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ राजस्थान सीजन-3 की टॉप 30 फाइनलिस्ट मॉडल्स की सैश सेरेमनी का आयोजन अजमेर रोड स्थित दी मॉडल क्लब में किया गया। इसके साथ ही कल्याण एंड संस प्रोडक्शन की ओर से बनाई जा रही मूवी वाणी के ऑफिशियल पोस्टर को मॉडल्स द्वारा रिवील किया। इस मूवी के जरिए इस पेजेंट की मॉडल्स को अपनी एक्टिंग स्किल्स शोकेस करने का मौका मिलेगा।

### ग्रूमिंग से निखरेगी कला

आयोजक मोनू वर्मा ने बताया, कि एक्टिविटी में पेजेंट की टॉप 30 मॉडल्स की सैश सेरेमनी की गई। 5 दिन तक टॉप 30 फाइनलिस्ट के लिए ग्रूमिंग सेशन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सभी को रैंप रिहर्सल, फैशन सेंस, डिक्शन, कम्युनिकेशन, योगा, मेडिटेशन इत्यादि की ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही राजस्थान के कल्चर व संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ आयोजित किए जा रहे पेजेंट की फाइनलिस्ट मॉडल्स का हेरिटेज जगहों पर फोटो शूट किया जाएगा। राजस्थानी संस्कृति को प्रमोट किया जाएगा। पेजेंट का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

## साकार की भारतीय संस्कृति



**बेधड़क. जयपुर।** जब बात कैंपस में दोस्तों के साथ डांडिया खेलने की हो तो युवाओं का उत्साहित होना लाजमी है। ऐसा ही नजारा था बॉलीवुड और गुजराती गानों की धुनों पर झूमते कपिल ज्ञानपीठ स्कूल के युवाओं का। उन्होंने आरजे मोहित के साथ डांडिया रास किया। डैजलिंग डांडिया-2023 का शुभारंभ चेयरमैन नरेंद्र मोदी, डायरेक्टर मनोज मोदी व प्रिंसीपल माथुर ने किया गया। महाआरती से शुरुआत होने के बाद आरजे ने अलग-अलग थीम और गानों पर डांस कराया। कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक के स्टूडेंट्स एक मंच पर नजर आए। रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर मनमोहक नृत्य किया। उनकी ड्रेस का लुक खास था, क्योंकि उन्होंने राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी और इंडो वेस्टर्न ड्रेस में गरबा खेला और बॉलीवुड गानों पर रोमांचक स्टेप्स दिखाए। स्टूडेंट्स को बेस्ट डांसर मेल व फीमेल तथा बेस्ट आउटफिट्स मेल व फीमेल अवॉर्ड दिए गए। अंत में लकी ड्रा निकाला गया। डायरेक्टर मनोज मोदी ने प्रथम विजेता को ओटीजी, दितीय को डिनर सैट और तीसरे को सैंडविच मेकर दिए।

## सजाया खुशियों का संसार



**बेधड़क. जयपुर।** ऑर्केस्ट्रा, नृत्य, नाटक सहित विभिन्न परफॉर्मेंस से विशेषज्ञों को भी प्रभावित कर दिया। युवा मन ऐसे नाचा कि देखने वाले रोमांचित हो उठे। ये नजारा था जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल महापुरा के 11वें वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का। इस दौरान टीचर्स, स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने मिलकर खुशियां मनाईं। शुरूआत में हेड बॉय कविन शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। वहीं, कल्चरल हेड बॉय नमन बंसल और कल्चरल हेड गर्ल प्रांजल शर्मा ने स्कूल चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेरीवाल की प्रेरक जर्नी पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्टूडेंट काउंसिल मैंबर्स ने छात्रों की उपलब्धियां बताते हुए वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। चेयरपर्सन डॉ. पेरीवाल ने दर्शकों और स्टूडेंट्स को प्रेरित किया। इस दौरान नाटक 'अलादीन' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक में जीवंत नृत्य और भावपूर्ण संगीत से एक ऐसी कहानी बयां की गई, जिसने युवा और वृद्ध के साथ हर किसी को प्रभावित किया। समापन हेड गर्ल मानवी देवराज के धन्यवाद ज्ञापन और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## City इवेंट्स

### अनूठे कथ्य से सजी है आंकुरी-बांकुरी



**बेधड़क. जयपुर।** महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती की स्मृति में आयोजित भारतीय भाषा उत्सव में शब्द समय की ओर से उजला लोहिया के कहानी संग्रह आंकुरी-बांकुरी पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कथाकार डॉ. सत्यनारायण ने कहा कि ऐसा बहुत कम होता है किसी कथाकार के पहले कहानी संग्रह में ही कथ्य की नवीनता और भाषा की सुघड़ता से युक्त परिपक्व कहानियां पढ़ने को मिले। कवि प्रेमचंद गांधी ने कहा कि उजला में जयपुर को देखने और उसे देखे हुए को रचना में रूपांतरित करने की दृष्टि है। लेखिका सोनू यशराज का कहना था कि उजला की कहानियों के महिला पात्र सशक्तता से उभरे हैं। वहीं, वरिष्ठ आलोचक राजाराम भादू ने उजला की कहानियों को नए कलेवर की उम्मीद जगाती कहानियां बताया।

### अभिनय के साथ आध्यात्म की बयार



**बेधड़क. जयपुर।** जेकेके की ओर से अक्टूबर उमंग: लोक संस्कृति संग थीम पर आयोजित दशहरा नाट्य उत्सव की शुरुआत में ही जयपुराइट्स प्रस्तुतियों से रोमांचित नजर आए। नाट्य निर्देशक अशोक राही के निर्देशन में कलाकारों ने महानायक राम की कहानी के विभिन्न प्रसंगों को मंच पर जीवंत किया। पहले दिन कुछ नए प्रसंग भी साकार हुए। राक्षस इन्द्र को परास्त कर उसे श्रीहीन कर देते हैं। रावण, विभीषण और कुंभकरण तपस्या कर ब्रह्मा से मन वांछित वरदान पाते हैं।

### नवीन शब्द निर्माण की प्रक्रिया समझाई




**बेधड़क. जयपुर।** राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चिथवाड़ी में राजस्थान संस्कृत अकादमी के सहयोग से संचालित 10 द्विवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन हुआ। दक्ष प्रशिक्षक शिविर प्रभारी डॉ. सीताराम दोतोलिया ने बताया कि दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर में प्रतिभागियों को संस्कृत में वार्तालाप अनुवाद निर्माण प्रकिया नवीन शब्द निर्माण प्रकिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्कृत भाषा में वातावरण निर्माण एवं राष्ट्र उन्नति में सहायक एवं महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करने वाली संस्कृत भाषा की तकनीकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कैलाश चंद बुनकर, गजानन्द शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, विमल कुमार शर्मा, श्रवण माता चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष, राजेन्द्र डागर, मंजू रैगर, अनोप मीणा, सुनीता डोड़वादिया, योगाचार्य जेपी डागर सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**हेल्थ अवेयर के लिए जुड़े** देश-दुनिया के लोग

# 15000 पोस्टर विमोचन संग वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगा 'रोशनी'

**बेधड़क** | जयपुर

हेल्थ को लेकर न केवल जयपुर वाले, बल्कि देश भर के लोग अवेयर होने लगे हैं। यही कारण है, कि 15000 से ज्यादा लोगों ने रोशनी-2023 के पोस्टर का विमोचन किया है। साथ ही जनप्रतिनिधि सेलिब्रिटी और सोशल वर्कर ने भी पोस्टर लॉन्च करके कार्यक्रम से जुड़ने की सहमति दी है और सब मिलकर पूरे देश और जयपुर को हेल्थ के प्रति अवेयर करेंगे।



इसके लिए रोशनी-2023 का आयोजन 29 अक्टूबर को जयपुर के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में किया जाएगा। यह कहना था रोशनी प्रोग्राम के डायरेक्टर और डॉक्टर सुनील ढंड का। उन्होंने बताया कि रोशनी का 5वां सीजन है। रोशनी-2023 हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम से इस बार संत महात्मा भी लोगों से हेल्दी लाइफ जीने की अपील करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में समाजसेवी संगठन पूनम फाउण्डेशन, बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान, साकार महिला विकास समिति, सेल्यूट तिंरगा, योग पीस संस्थान, लोटस फाउण्डेशन, दी वर्तिका शो, लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, अकुंर कला केंद्र हिस्सा ले रहे हैं।

इसके लिए कार्यक्रम स्वस्थ भारत अखण्ड भारत के अब तक 15,000 पोस्टर विमोचन कश्मीर से कन्याकुमारी तक, राजस्थान से अरुणाचल प्रदेश तक और विदेशों में अमेरिका, लंदन, जर्मनी, मलेशिया, हांगकांग, ओमान, नीदरलैंड, केन्या में किए जा चुके हैं। डॉ. ढंड ने कहा कि कार्यक्रम की मशाल दी फ्लेम ऑफ होप राजस्थान के विभिन्न जिलों से होती हुई 29 अक्टूबर शाम 4 बजे महाराणा प्रताप सभागार पहुंचेगी।

**'एसपीएसएस सॉफ्टवेयर'** कार्यशाला का आयोजन

# कॉलेज कैंपस में एक्टिविटीज गर्ल्स ने दिखाई क्रिएटिविटी



**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज के गणित व सांख्यिकी विभाग की ओर से विश्व सांख्यिकी दिवस पर 'एसपीएसएस सॉफ्टवेयर' कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुरुआत प्रिंसीपल डॉ. सीमा अग्रवाल ने की। उन्होंने छात्राओं को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला प्रशिक्षक प्रो. जगजीत प्रसाद सिंह आईआईएचआरएम विश्वविद्यालय जयपुर ने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर से वर्णनात्मक आंकड़ों का विश्लेषण, विभिन्न सांख्यिकी परीक्षणों का अनुप्रयोग तथा आंकड़ों का ग्राफीय निरूपरण करना सिखाया। दूसरी ओर भूगोल विभाग एम.ए., एम.एससी. सेमेस्टर प्रथम और तृतीय द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'भूगोल में विकास और उद्धभव' व उप-विषय पृथ्वी की संरचनात्मक विशेषताएं, भूगोल के सामाजिक और आर्थिक संबंध, भूगोल में राजनीतिक विचार, भारत में समकालिक मुद्दे, शहरी क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या, पर्यावरण पर हानियों का प्रभाव रहा। आयोजन टीम में तेजल शर्मा, कोमल यादव, श्रेया शेखावत व हर्षिता कंवर, सह-आयोजन टीम मे अंजली भारती व जेनिस गुप्ता, पर्यवेक्षण विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम बागेश्वरी, सहायक आचार्य अंकिता गुप्ता, शीलू व डॉ. रेणु शक्तावत द्वारा किया गया। संगोष्ठी से भूगोल विषय में विकास और परिप्रेरणा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।

**जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर** साल 2023 की लिस्ट में बंगाली, हिंदी और तमिल के 3 अनुवाद शामिल

# बॉलीवुड की मौजूदगी में शॉर्ट लिस्ट किताबों की घोषणा

**बेधड़क** | जयपुर

जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर के छठे संस्करण की शॉर्ट लिस्ट की घोषणा जय महल पैलेस में की गई। नवंबर में होने वाले पुरस्कार समारोह से पहले जयपुर में हुए कार्यक्रम में लेखकों, अनुवादकों और शहर के पुस्तक प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान निर्णायक मंडल के सदस्य श्रीनाथ पेरूर, सोमक घोषाल और कावेरी नांबिसन ने 5 किताबों की शॉर्ट लिस्ट होने की घोषणा की, जिनमें बंगाली, हिंदी और तमिल भाषाओं के तीन अनुवाद समेत कुल 5 किताबें शामिल हैं।




आयोजकों ने बताया, जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर 25 लाख रुपए इनाम का अवॉर्ड है और यह हर साल भारतीय लेखक को उनकी फिक्शन, यानी काल्पनिक कृतियों के लिए दिया जाता है।

### 2023 की शॉर्ट लिस्ट में ये बुक्स शामिल

लिस्ट में तेजस्विनी आप्टे-रहम की द सीक्रेट ऑफ मोर (एलेफ बुक कंपनी), मनोरंजन व्यापारी की वी. रामास्वामी द्वारा बंगाली से अनुवादित द नेमेसिस (वेस्टलैंड बुक्स), पेरुमल मुरुगन की जननी कन्नन द्वारा तमिल भाषा से अनुवादित फायर बर्ड, (पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया), विक्रमजीत राम की मंसूर (पैन मैकमिलन इंडिया), मनोज रूपड़ा की हंसदा सोवेंद्र शेखर द्वारा हिंदी से अनुवादित आई नेम्ड माय सिस्टर साइलेंस (वेस्टलैंड बुक्स) शामिल हैं। इस मौके पर ज्यूरी अध्यक्ष श्रीनाथ पेरुर ने कहा कि मीटिंग में 10 में से 5 किताबों को सेलेक्ट करना मुश्किल था।

### एक्ट्रेस ने की शुरुआत

इस मौके पर शॉर्टलिस्ट की घोषणा के बाद ऐक्टर दिव्या सेठ शाह के साथ ही कवयित्री और शोधार्थी वामिक सैफी ने शॉर्ट लिस्टेड किताबों को पढ़ा। नाटकीय पाठन के दरमियां सारंगी पर दायम अली और सितार पर पंडित हरिहर शरण भट्ट की संगीतमय प्रस्तुति खास रही।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023



सबसे कठिन काम है स्वयं को पढ़ना,
लेकिन प्रयास करेंगे तो जीवन का लक्ष्य मिल जाएगा।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप







## चार पाक सैनिक और आठ आतंकी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान की अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा से सटे अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार पाकिस्तानी सैनिक और आठ आतंकी मारे गए। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स ने बताया कि उत्तरी वजीरिस्तान जनजातीय जिले के गेरियम इलाके में जब सेना ने एक आतंकियों के परिसर पर छापा मारा तो मुठभेड़ में छह आतंकी और चार सैनिक मारे गए। इसमें कहा गया, "इस अभियान में वांछित आतंकवादी हजरत जमान उर्फ ख्वारे मुल्ला भी मारा गया।" एक अन्य घटना में टीटीपी के आतंकियों ने नौशेरा जिले में एक पुलिस दल पर हमला किया। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए।

### कनाडा ने 41 राजनयिकों को बुलाया वापस

# भारत की चेतावनी पर निर्णय!

**एजेंसी** | टोरंटो

अलगाववादी निज्जर की हत्या को लेकर भारत व कनाडा के बीच पैदा हुए विवाद में और तल्खी आ गई है। कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा है कि उनके देश के 41 राजनयिकों को मिली छूट वापस लेने की भारत की धमकी के बाद उन राजनयिकों एवं उनके परिवारों को वापस बुला लिया गया है। पीएम ट्रूडो ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि 45 वर्षीय खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई हत्या में भारतीय एजेंट की संलिप्तता की 'संभावना' है। भारत में निज्जर 2020 में आतंकियों की सूची में शामिल था। जोली ने गुरुवार को कहा, 'मैं इस बात की पुष्टि कर सकती हूं कि भारत ने 20 अक्टूबर तक दिल्ली में सेवारत 21 कनाडाई राजनयिकों को छोड़कर सभी अन्य राजनयिकों एवं उनके परिवारों की राजनयिक छूट एकतरफा तरीके से हटाने की अपनी योजना की औपचारिक रूप से जानकारी दी है।'



### सावधानी बरतने का आग्रह

कनाडा चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावासों में सभी व्यक्तिगत सेवाओं को रोक देगा और अब भारत में सभी कनाडाई लोगों को नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में आने को कहेगा। नई दिल्ली स्थित कनाडाई दूतावास ने जोली के बयान के कुछ घंटों बाद अपने यात्रा परामर्श को अद्यतन किया और अपने नागरिकों से बेंगलुरु, चंडीगढ़ और मुंबई के आसपास 'उच्च स्तर की सावधानी बरतने' का आग्रह किया।

### संख्या कम करने को कहा

भारत ने पिछले महीने कनाडा से देश में अपने राजनयिक कर्मियों की संख्या कम करने को कहा था। जोली ने कहा, 'कूटनीति का एक बुनियादी सिद्धांत है और यह दोतरफा रास्ता है। यह तभी काम करता है जब हर देश नियमों का पालन करे।' भारत ने कनाडा के इन आरोपों को लेकर नाराजगी जताई थी और इन्हें 'बेतुका' और 'निहित स्वार्थ से प्रेरित' बताकर खारिज कर दिया था। जोली ने कहा, 'मैं स्पष्ट कहना चाहती हूं कि कनाडा सभी देशों पर लागू होने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करता रहेगा और भारत के साथ संपर्क जारी रखेगा। हमें एक दूसरे से बात करने की जरूरत है।"

### इजराइल का हमास के सैकड़ों ठिकानों पर हमला...

# हथियारों के गोदाम ध्वस्त

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब 14 दिन हो चुके हैं। दोनों ही ओर से जारी हमलों में अब तक 5000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस्राइल में हमास के हमले में मरने वालों की संख्या 1400 से ज्यादा है। उधर गाजा पट्टी में हुई बमबारी में 3500 की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना ने कहा कि हमास आतंकियों द्वारा इजराइल से अगवा किए गए और गाजा पट्टी में ले जाए गए करीब 200 लोगों में से अधिकांश अभी भी जीवित हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि मिस्र के साथ रफा सीमा क्रॉसिंग के माध्यम से घिरे गाजा पट्टी में प्राथमिक चिकित्सा वितरण 'अगले दिन या उसके बाद' होगा।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स के प्रवक्ता जेन्स लेर्के ने उनके हवाले से कहा, 'हम सभी संबंधित पक्षों के साथ गहन बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गाजा में सहायता अभियान जल्द से जल्द शुरू हो, पहली खेप की आपूर्ति अगले दिन शुरू होगी।'



### सुनक संकट वार्ता के लिए मिस्र गए

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इजराइल-हमास संघर्ष को पूरे क्षेत्र में फैलने से रोकने के लिए संकट वार्ता के लिए अपने मध्य पूर्व दौरे के तहत शुक्रवार को मिस्र की यात्रा करेंगे। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के साथ उनकी बातचीत गुरुवार को सऊदी अरब में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ चर्चा के बाद हुई।

### विदेश मंत्री और राजदूतों ने की लोगों की रिहाई की मांग

**इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन और 22 राजदूतों व राजनयिकों ने बंदी बनाए गए लोगों की तत्काल रिहाई और अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस के लिए यात्रा की अनुमति देने का आह्वान किया है। इजराइली सेना ने गुरुवार को कहा कि गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए करीब 200 बंधकों में से लगभग 30 बच्चे हैं। इजराइली सेना के एक बयान में कहा है कि 10 से ज्यादा लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं और अधिकारियों को 100 से अधिक लापता इजरालियों के स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं है।**

### सयुंक्त राष्ट्र महासभा: चीन के खिलाफ लामबंद हुए 51 देश

# उइगरों के उत्पीड़न पर UN में घिरा ड्रैगन

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

चीन में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार का मुद्दा एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। खबर है कि संयुक्त राष्ट्र में 51 देशों ने चीन के खिलाफ जारी साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं।

हालांकि, इन देशों की सूची में भारत का नाम शामिल नहीं है। बीते साल आई यूएन की एक रिपोर्ट में भी शिनजियांग क्षेत्र में उइगर मुसलमानों को निशाना बनाए जाने की बात का जिक्र किया गया था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, साझा बयान पर अल्बानिया, एंडोरा, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, कनाडा, क्रोएशिया, चेकिया, डेनार्क, एस्टोनिया, इस्वातीनी, फिजी, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्वाटेमाला, आईलैंड, आयरलैंड, इजरायल, इटली, जापान, लात्विया, लाइबेरिया, लीकटेंस्टीन, लिथुआनिया, लक्समबर्ग, मोल्डोवा, मोनाको, मोंटेनेग्रो, नाउरू, नीदरलैंड्स का नाम शामिल है।

इनके अलावा नॉर्थ मैसेडोनिया, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पलाऊ, पैराग्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, रिपब्लिक ऑफ मार्शल आईलैंड्स, रोमानिया, सैन मैरीनो, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तुवालु, यूक्रेन, अमेरिका और ब्रिटेन ने भी सयुंक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति में बयान पर हस्ताक्षर किए हैं।

बयान में कहा गया है, 'इन उल्लंघनों में मनमाने ढंग से हिरासत में लिया जाना, जबरन मजदूरी, निगरानी, जबरन जनसंख्या नियंत्रण उपाय, बच्चों को परिवारों से दूर करना, लोगों का गायब होना और मानसिक, शारीरिक और यौन उत्पीड़न शामिल है।' शिनजियांग चीन के उत्तरपश्चिम में मौजूद है।

## नवाज के लिए पुलिस अलर्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब में, अपनी पार्टी की एक बड़ी रैली को शनिवार को संबोधित करने यहां आ रहे पूर्व पीएम नवाज शरीफ के आगमन से पहले पुलिस अलर्ट पर है। शरीफ 4 साल पहले ब्रिटेन चले गए थे। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से खतरे की सूचना मिलने के बाद पुलिस चौकसी बरत रही है।

### भारत के मिडिल ईस्ट कॉरिडोर से चिढ़े दो देश

# तुर्की-कतर ने चली ओछी चाल

**एजेंसी** | अंकारा

भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा तुर्की की नजरों में खटक रहा है। हमास समर्थक इस देश ने इजराइल युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत से शुरू होकर यूरोप को जोड़ने वाले इस आर्थिक गलियारे की सुरक्षा को लेकर कई चिंताएं हैं। दरअसल, यह गलियारा तुर्की को किनारे छोड़कर एशिया को सीधे यूरोप से जोड़ता है। ऐसे में तुर्की नहीं चाहता है कि वह इस गलियारे से होने वाले लाभ से महरूम रहे।

यही कारण है कि तुर्की ने हमास के समर्थक कतर के साथ मिलकर एक नए रेल-रोड नेटवर्क का ऐलान किया है, जो फारस की खाड़ी से यूरोप को कनेक्ट करेगा।

तुर्की ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा के खिलाफ जिस रेल रोड नेटवर्क का ऐलान किया है।

### जापान के पास साइलेंट किलर

# खतरनाक... बिना आवाज देता है मौत

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान ने पहली बार एक भयंकर हथियार की टेस्टिंग की, जिसे रेल गन कहते हैं। इसकी फायरिंग की गई। दुनिया के सबसे खतरनाक हथियार को एक युद्धपोत से चलाया गया।

जापानी मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स यानी वहां की नौसेना ने यह टेस्टिंग की है। दरअसल, यह एक फ्यूचर वेपन है। खास बात यह है कि इसमें किसी गोले-बारूद की जरूरत नहीं होती। जापान ने इस खतरनाक हथियार का परीक्षण इसलिए किया है, ताकि वह चीन के हाइपरसोनिक हथियारों, मिसाइलों को आसमान में ही उड़ा देगा। यह एक मीडियम कैलिबर की नौसैनिक रेलगन है। यह हथियार जापान की राजधानी टोक्यो को दुश्मन के हमलों से बचाने का काम करेगी।

### दागती है 40 मिमी के स्टील प्रोजेक्टाइल

जापानी नौसेना ने इस परीक्षण का जो वीडियो जारी किया है उसमें अलग-अलग एंगल से रेल गन की फायरिंग को दिखाया जा रहा है। रेल गन के जरिए इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एनर्जी को मिसाइल की तरफ फेंकता है। इसकी गति बहुत ही ज्यादा होती है। यह हाइपरसोनिक स्पीड से भी तेज चला जाता है। माना जा रहा है कि जापान ऐसे कई रेलगन देश की समुद्री और जमीनी सीमा पर तैनात करने जा रहा है। यह गन 40 मिलिमीटर के स्टील प्रोजेक्टाइल को दागती है। असल में यह स्टील की गोलियां हैं, जिनका वजन 320 ग्राम का होता है।



### लक्ष्य को तबाह कर देती है

रेल गन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ताकत से स्टील या धातु के गोले या गोलियां निकलती है, जो अपने निशाने को बुरी तरह तबाह कर देती हैं। रेल गन आम तोपों से अलग है। आम तोप के बैरल से बारूद की आग के दबाव से गोला निकल कर जाता था, लेकिन रेलगन में बारूद की जगह इलेक्ट्रिसिटी और चुंबकीय शक्ति का उपयोग किया जाता है, बारूद का नहीं। इन दोनों शक्तियों के मिलने और प्रतिक्रिया से गोला कई गुना ज्यादा गति से निकलता है। रेल गन पारंपरिक तोपों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

# "सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl